ज्ञानामृत
विश्व के निर्माण में जिसने सबसे अधिक संघर्ष किया है और सबसे अधिक कष्ट उठाए हैं वह माँ है।
हर्ष मोहन

# विजय मत

राष्ट्र को समर्पित

मप्र और छत्तीसगढ़ से एक साथ प्रकाशित

www.vijaymat.com | रायपुर, रविवार, 13 अप्रैल 2025 | वर्ष- 08 | अंक- 98 | पेज- 08 | मूल्य- ₹2.00/-

## रायगढ़ में गरजे गृहमंत्री, कहा- महाराष्ट्र में ही मराठों से हारा था औरंगजेब और इसी धरती में दफन किया गया

**रायगढ़, एजेंसी**

छत्रपति शिवाजी महाराज की 345वीं पुण्यतिथि पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह महाराष्ट्र के रायगढ़ किले में पहुंचे। उन्होंने छत्रपति शिवाजी महाराज को श्रद्धांजलि अर्पित की। केंद्रीय गृह मंत्री ने शिवाजी महाराज की वीरता को नमन किया। उन्होंने कहा कि खुद को आलमगीर कहने वाला औरंगजेब जीवन भर महाराष्ट्र में मराठों के खिलाफ लड़ाई लड़ता रहा। वह मराठों से हारा और इसी धरती में दफन किया गया। औरंगजेब की समाधि इसी धरती पर है।



केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि शिवाजी महाराज महाराष्ट्र तक सीमित नहीं हैं। उनकी एकता की विरासत देश के लिए प्रेरणा है। शिवाजी महाराज के स्वधर्म और स्वराज्य के आदर्श स्वतंत्रता के 100वें वर्ष तक महाशक्ति बनने की भारत की महत्वाकांक्षा को प्रेरित करते रहेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि मैं महाराष्ट्र के लोगों से अपील करता हूं कि वे छत्रपति शिवाजी महाराज को राज्य तक सीमित न रखें। उनकी जबरदस्त इच्छाशक्ति, दृढ़ संकल्प और साहस देश को प्रेरित करते हैं क्योंकि उन्होंने रणनीतिक रूप से समाज के सभी वर्गों को एकजुट किया। शिवाजी महाराज ने मुगलशाही को हराया था। अमित शाह ने कहा कि न तो भाग्य छत्रपति शिवाजी महाराज के साथ था, न ही अतीत उनके साथ था, न ही उनके पास पैसा था और न ही सेना थी। एक बच्चे ने अपने अदम्य साहस और दृढ़ संकल्प से पूरे देश को स्वराज का मंत्र दिया। कुछ ही समय में उन्होंने 200 साल पुरानी मुगल हुकूमत को चकनाचूर कर दिया और देश को आजाद कराया। उन्होंने कहा कि आज आजादी के 75 साल बाद हम दुनिया के सामने सिर ऊंचा करके खड़े हैं। हम संकल्प लेते हैं कि जब आजादी के 100 साल पूरे होंगे तो हमारा भारत दुनिया में नंबर वन होगा। यह शिवाजी महाराज का भी सपना था। महान मराठा योद्धा छत्रपति शिवाजी महाराज के आदर्श भारत को अपनी स्वतंत्रता की शताब्दी मनाने और महाशक्ति बनने की यात्रा के लिए प्रेरित करते हैं। नरेंद्र मोदी सरकार शिवाजी महाराज के आदर्शों पर काम करती है। गृह मंत्री ने रायगढ़ किले को एक पर्यटन स्थल के बजाय भावी पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बताया। उन्होंने स्वधर्म की रक्षा और स्वराज्य की स्थापना के बीज बोने का श्रेय शिवाजी महाराज की मां जीजाबाई को दिया।

## नवा रायपुर में आयोजित विचार फॉर विकसित छत्तीसगढ़ कार्यक्रम में सीएम विष्णुदेव साय ने खोला राज

## हमने लाखों को दोबारा हिंदू बनाया पैर धोकर करवाते थे 'घर वापसी'

**छत्तीसगढ़ के विकास में युवाओं की भागीदारी को लेकर चर्चा में सीएम ने कहा- युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार का अवसर देना सरकार का संकल्प**

**विजय मत, रायपुर**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने धर्मांतरण को लेकर बेहद गंभीर बातें कही हैं। उन्होंने बताया है कि 'घर वापसी' अभियान में वे खुद भी शामिल रहे हैं, जिसमें लाखों लोगों को पैर धोकर दोबारा हिंदू बनाया गया है। ये वे लोग होते थे जिन्हें मिशनरी बहला-फुसलाकर क्रिश्चन से हिंदू बना देते थे। विचार फॉर विकसित छत्तीसगढ़ कॉलक्लेव में बात करते हुए सीएम विष्णु देव साय धर्मांतरण को छत्तीसगढ़ के लिए कलंक बताया। उन्होंने कहा, मैं जशपुर जिले से आता हूं, जहां मिशनरी हावी हैं। पहले वे आदिवासी समाज का खूब धर्मांतरण करते थे। ये तब की बात है, जब भुखमरी और गरीबी होती थी और उसी का फायदा उठाकर वे अमेरिका से आने वाले रिजेक्टेड गेहूं और पुराने कपड़े आदिवासियों को मुहैया कराते थे। उन्होंने स्व. दिलीप सिंह जूदेव का स्मरण करते हुए बताया कि उन्होंने घर वापसी का अभियान चलाया था। जिसके कारण भी हजारों लोगों की घर वापसी संभव हो सकी। बता दें, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शनिवार को नवा रायपुर में आयोजित विचार फॉर विकसित छत्तीसगढ़ कार्यक्रम में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने युवाओं के साथ आत्मीय संवाद कर छत्तीसगढ़ के उज्ज्वल भविष्य और विकास में उनकी सक्रिय भागीदारी पर भी जोर दिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने युवाओं से सीधा संवाद किया। युवाओं की समस्याओं और सुझावों को सुना।

धर्मांतरण का जिक्र करने के साथ ही मुख्यमंत्री साय ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के अधिकाधिक अवसर उपलब्ध कराने के लिए संकल्पबद्ध है। इसी कड़ी में स्किल डेवलपमेंट, स्टार्टअप प्रमोशन और उद्योगों से जुड़ाव जैसी योजनाओं के माध्यम से युवाओं को सशक्त किया जा रहा है। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ें और राज्य के समग्र विकास में अपनी अहम भूमिका निभाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि नक्सलवाद छत्तीसगढ़ में अब अंतिम सांसें गिन रहा है और मार्च 2026 तक नक्सल का समूल नाश होगा। छत्तीसगढ़ की यह सुंदर धरती विकास की नई ऊँचाइयों को छुएगी और शांत, सुरक्षित, खुशहाल और समृद्ध प्रदेश के रूप में इसे नई पहचान मिलेगी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत व मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार पंकज झा सहित बड़ी संख्या में युवा उपस्थित थे।



### सीएम ने अपने पारिवारिक और राजनीतिक जीवन पर भी की बात

नवा रायपुर में एएनआई द्वारा आयोजित विचार फॉर विकसित छत्तीसगढ़ कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने एएनआई की संपादक श्रीमती स्मिता प्रकाश के साथ पॉडकास्ट में अपने पारिवारिक, राजनीतिक जीवन और मुख्यमंत्री के रूप में अब तक के सफर और उपलब्धियों पर खुलकर बातचीत की।

### पीएम मोदी की उपलब्धियां गिनाई

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हमने प्रदेशवासियों के हित में मोदी की गारंटी की बात कही थी और हमारी सरकार ने बड़े निर्णय लेते हुए इसे पूरा करने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ाए हैं। उन्होंने बताया कि अधिकांश मोदी की गारंटी पूरी कर दी गई हैं। हमारी सरकार ने पहले ही कैबिनेट में 18 लाख गरीब परिवारों को आवास मुहैया कराने का बड़ा फैसला लिया था। प्रदेश की माताओं-बहनों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए महतारी वंदन योजना के माध्यम से प्रतिमाह 1000 रुपए की राशि प्रदान की जा रही है। पीएससी की परीक्षाओं में युवाओं के साथ हुए अन्याय के खिलाफ सीबीआई जांच जैसे बड़े निर्णय हमारी सरकार ने लिए हैं।


### नई औद्योगिक नीति का किया जिक्र

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ के आर्थिक विकास को गति देने के लिए निवेश अनुकूल नई औद्योगिक नीति लागू की गई है। इस नीति की सफलता का प्रमाण इस बात से मिलता है कि इसके लागू होने के बाद से सरकार को करोड़ों रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं। हमारा उद्देश्य निवेश के साथ-साथ स्थानीय युवाओं को रोजगार देना भी है। साय ने कहा कि हमने विकसित छत्तीसगढ़ का विजन डॉक्युमेंट तैयार किया है और विकसित भारत के लक्ष्य को पाने में हर प्रदेशवासी की अहम भूमिका होगी।

## न्यूज इन शॉर्ट

### अमेरिका में विदेशी नागरिकों को 30 दिन से अधिक समय तक रुकने पर कराना होगा रजिस्ट्रेशन

**वाशिंगटन, एजेंसी।** व्हाइट हाउस ने ऐलान किया कि देश में 30 दिनों से अधिक समय तक रहने वाले सभी विदेशी नागरिकों को संघीय सरकार के पास पंजीकरण कराना होगा। ऐसा नहीं करने पर उन्हें जुर्माना, जेल और निर्वासन का सामना करना पड़ेगा। इस घोषणा से अमेरिका भर में अप्रवासी समुदायों के बीच चिंता पैदा हो गई है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा, संयुक्त राज्य अमेरिका में 30 दिनों से अधिक समय तक रहने वाले सभी विदेशी नागरिकों को संघीय सरकार के पास पंजीकरण कराना होगा। इसका पालन न करना एक अपराध है जिसके लिए जुर्माना, कारावास या दोनों का प्रावधान है। लेविट ने कहा, यदि ऐसा नहीं किया गया तो आपको गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



### यूपीएससी ने जारी किए एनडीए-एनए2 परीक्षा के अंतिम नतीजे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** यूपीएससी ने राष्ट्रीय रक्षा अकादमी और नौसेना अकादम परीक्षा-2 2024 का अंतिम परिणाम घोषित कर दिया है। कुल 792 उम्मीदवारों ने एनडीए और नौसेना अकादमी की सेना, नौसेना और वायु सेना विंग में प्रवेश के लिए अर्हता प्राप्त की है। संबंधित उम्मीदवार आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर परिणाम देख सकते हैं। आयोग ने कहा, निम्नलिखित सूची, योग्यता क्रम में, 792 उम्मीदवारों की है, जिन्होंने 1 सितंबर, 2024 को संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित लिखित परीक्षा और उसके बाद सेवा चयन बोर्ड, रक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित साक्षात्कारों के परिणाम के आधार पर राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के सेना, नौसेना और वायु सेना विंग में 154वें पाठ्यक्रम और नौसेना अकादमी में 116वें भारतीय नौसेना अकादमी पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए अर्हता प्राप्त की है।




### कांग्रेस नियंत्रित AJL पर बड़ा एक्शन, ईडी ने संपत्तियों पर कब्जे के लिए जारी किया नोटिस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रवर्तन निदेशालय ने शनिवार को 661 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियों को अपने कब्जे में लेने के लिए नोटिस जारी किए हैं। ईडी ने ये नोटिस कांग्रेस नियंत्रित एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) की संपतियों को लेकर दिया गया है। जिन्हें मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) मामले की जांच में कुर्क किया था। संघीय जांच एजेंसी ने एक बयान में कहा कि उसने शुक्रवार को दिल्ली में आईटीओ में मौजूद हेराल्ड हाउस, मुंबई के बांद्रा इलाके में स्थित परिसर और लखनऊ में बिशेश्वर नाथ रोड स्थित एजेएल बिल्डिंग में ये नोटिस चिपकाए हैं। नोटिस में परिसर खाली करने या (मुंबई की संपत्ति के मामले में) किराए का हस्तांतरण ईडी को करने की मांग की गई है।




### सम्मान विवाद पर विराम: विनेश फोगाट को 4 करोड़ और प्लॉट देने का सरकार का ऐलान

**जुलाना, एजेंसी।** हरियाणा की मशहूर महिला पहलवान और जुलाना से कांग्रेस विधायक विनेश फोगाट को लेकर चल रहे सम्मान विवाद पर अब विराम लग गया है। राज्य सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि उन्हें 4 करोड़ नकद और एक प्लॉट दिया जाएगा। शनिवार को हरियाणा के खेल मंत्री गौरव गौतम ने इस बात की आधिकारिक घोषणा की। इसके साथ ही विनेश ने भी सरकार की घोषणा का स्वागत करते हुए इसे खिलाड़ियों के लिए नई उम्मीद बताया है। विनेश फोगाट ने इस मुद्दे को बजट सत्र के दौरान विधानसभा में जोर-शोर से उठाया था। इसके बाद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 25 मार्च को कैबिनेट बैठक के बाद विनेश को तीन विकल्प दिए थे–सरकारी नौकरी, नकद पुरस्कार या प्लॉट। विधायक होने के नाते विनेश ने नौकरी से इनकार करते हुए राज्य की खेल नीति के अनुसार नकद राशि और प्लॉट दोनों की मांग की थी।



## सुप्रीम कोर्ट की अभूतपूर्व टिप्पणी

## राष्ट्रपति को तीन माह में लेना चाहिए विधेयकों पर फैसला

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पहली बार सुप्रीम कोर्ट ने अपनी एक टिप्पणी में सलाह दी है कि राष्ट्रपति को तीन महीने के भीतर राज्यपालों द्वारा भेजे गए लंबित विधेयकों पर फैसला ले लेना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार की याचिका पर दिए गए अपने फैसले में यह टिप्पणी की। सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि के पास लंबित 10 विधेयकों को पारित करने का आदेश दिया। ये विधेयक राज्यपाल ने राष्ट्रपति के पास विचारार्थ भेजने के चलते लंबित किए हुए थे। सुप्रीम कोर्ट ने 8 अप्रैल को यह फैसला दिया था और फैसले की कॉपी बीती रात सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड हुई है।

अपने फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने सुझाव देते हुए राष्ट्रपति के पास विधेयकों को लंबित रखने की समयसीमा भी तय करने की बात कही है। सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की अध्यक्षता वाली पीठ ने 8 अप्रैल को दिए अपने फैसले में कहा कि हम गृह मंत्रालय द्वारा निर्धारित समय-सीमा को अपनाए जाने को उचित समझते हैं और ये सलाह देते हैं कि राष्ट्रपति को राज्यपाल द्वारा उनके विचारार्थ आरक्षित विधेयकों पर तीन महीने के भीतर फैसला लेना जरूरी है। पीठ ने कहा कि इस समयसीमा से ज्यादा की देरी होने पर उचित कारण देने होंगे और इस बारे में संबंधित राज्य को सूचित करना होगा। राज्यों को भी सहयोगात्मक होना चाहिए और विधेयक को लेकर उठाए जा रहे सवालों के उत्तर देकर सहयोग करना चाहिए और केंद्र सरकार द्वारा दिए गए सुझावों पर तेजी से विचार करना चाहिए।



### दूसरे राउंड में विधेयक को राष्ट्रपति के पास भेजना अवैध

पीठ ने अपने फैसले में राज्यपाल द्वारा विधेयक को दूसरे राउंड में भी राष्ट्रपति के पास विचारार्थ भेजने को अवैध बताया। गौरतलब है कि संविधान का अनुच्छेद 200 राज्यपाल को शक्ति देता है कि वे उनके पास मंजूरी के लिए आने वाले विधेयक को लेकर असहमति जता सकते हैं या फिर इसे राष्ट्रपति के विचार करने के लिए भेज सकते हैं। पीठ ने फैसले में कहा कि अनुच्छेद 200 में विधेयक को मंजूरी देने की कोई समयसीमा तय नहीं है, लेकिन इसका मतलब ये भी नहीं है कि राज्यपाल विधेयक को लंबे समय तक रोके रखें और राज्य की कानून बनाने वाली व्यवस्था में अवरोधक बन जाएं।

### सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपाल के फैसले को बताया था अवैध

सुप्रीम कोर्ट ने 8 अप्रैल को भी अपने ऐतिहासिक फैसले में राज्यपालों के अधिकार की 'सीमा' तय की थी। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने तमिलनाडु के मामले में फैसला सुनाते हुए कहा था कि 'राज्यपाल के पास कोई वीटो पॉवर नहीं है।' सुप्रीम कोर्ट ने सरकार के 10 जरूरी बिलों को राज्यपाल की ओर से रोके जाने को अवैध भी बताया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि राज्यपाल को एक दोस्त, दार्शनिक और राह दिखाने वाले की तरह होना चाहिए। आप संविधान की शपथ लेते हैं। आपको किसी राजनीतिक दल की तरफ से संचालित नहीं होना चाहिए। आपको उत्प्रेरक बनना चाहिए, अवरोधक नहीं। राज्यपाल को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि कोई बाधा पैदा न हो।

## दो सप्ताह में तीसरी बार ठप हुआ यूपीआई का सर्वर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

शनिवार को देशभर में यूपीआई यूजर्स को एक बार फिर से डिजिटल पेमेंट में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। तकनीकी खराबी की वजह से यूपीआई सर्विस अस्थायी रूप से ठप हो गई, जिससे लाखों यूजर्स की ट्रांजैक्शन फेल हो गई। यह लगातार तीसरी बार है जब बीते दो हफ्तों में यूपीआई में ऐसी बड़ी तकनीकी समस्या आई है। इससे पहले 26 मार्च और 2 अप्रैल को भी इसी तरह की परेशानी रिपोर्ट की गई थी।

## किश्तवाड़ मुठभेड़ में मारे गए 3 आतंकी

**जम्मू, एजेंसी**

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में भीषण मुठभेड़ में तीन आतंकवादी मारे गए हैं। सेना की उत्तरी कमान ने शनिवार सुबह कहा, खराब मौसम के बावजूद किश्तवाड़ के चटरू में चल रहे अभियान में दो और पाकिस्तानी आतंकवादियों को मार गिराया गया है।



सेना ने कहा कि एक एके और एक एम4 राइफल समेत बड़ी मात्रा में युद्ध जैसा सामान बरामद किया गया है। सेना ने पहले कहा था कि एक आतंकवादी मारा गया, जिसके बाद गोलीबारी बंद हो गई। उन्होंने कहा, अभियान जारी था और फिर से हुई गोलीबारी में दो और आतंकवादी मारे गए। उन्होंने कहा कि अभियान जारी है।

## प्रदेश के सभी बड़े नगर निगम क्षेत्रों में गौशालाएं बनेगी: सीएम मोहन

**विजय मत, ब्यूरो इंदौर**

इंदौर के समीप महू के आशापुर गांव में नगर निगम गौशाला का निर्माण कर रहा है। शनिवार को इसकी भूमिपूजन मुख्यमंत्री मोहन यादव ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि गौमाता अपने बच्चों को तो पालती है। इंसान का भी ध्यान रखती है। गौमाता का अमृततुल्य दूध पीकर हम बड़े होते है। हमारी संस्कृति में पहली रोटी गौमाता के लिए रखी जाती है। आखरी रोटी कुत्ते के लिए बनाई जाती है। हमारे पूर्वजों ने प्रकृति से जुड़ने के नियम बनाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि गौमाता की रक्षा का संकल्प युगों-युगों से हमारी संस्कृति से जुड़ा है। पहले माना जाता था कि भारत में दूध-दही की नदियां बहती है। खेती-बाड़ी में गौमाता की पहले काफी मदद ली जाती थी, लेकिन बाद में ट्रैक्टर, नए उपकरणों का उपयोग किया जाने लगा।



## 15 टन फर्नेस का लावा छिटका, 13 मजदूर झुलसे, 4 की हालत नाजुक

## जांजगीर-चांपा के प्रकाश इंडस्ट्रीज में फर्नेस ब्लास्ट, कई मजदूर झुलसे

**विजय मत ब्यूरो, जांजगीर-चांपा**


जिले में प्रकाश इंडस्ट्रीज में सेकंड शिफ्ट के दौरान शनिवार को बड़ा हादसा हो गया। प्लांट के पुराने फर्नेस में ब्लास्ट होने से 13 मजदूर झुलस गए, जिनमें से 4 की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद बिलासपुर और रायपुर के नारायणा अस्पताल रेफर किया गया है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, यहां 15 टन क्षमता वाले पुराने फर्नेस में ब्लास्ट होने से वहां काम कर रहे कर्मचारियों पर गर्म लावा छिटक गया। इस हादसे में दर्जनभर से ज्यादा मजदूर झुलस गए, जिनमें से 4 की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला (आईपीएस) ने बताया कि हादसे का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। जांच के लिए विशेषज्ञों की टीम बुलाई गई है। घायल मजदूरों में सुरेश कुमार चंद्रा, अनूप चतुर्वेदी, दूजराम चंद्रा, प्रसन्नजीत राय, नीरज सिंह, उदय शंकर ओझा, बृजकिशोर यादव, रमेश सूर्यवंशी, शंकर यादव, राजेंद्र कुमार, शिव कुमार केवट, सरकार सिंह और राजेश प्रजापति शामिल हैं। इनमें अधिकांश मजदूर अन्य राज्यों के हैं। स्थानीय विधायक व्यास कश्यप ने इस घटना को प्रकाश इंडस्ट्रीज की लापरवाही का नतीजा बताया है।

**सुशासन तिहार** 46 वर्षीय संविदा कर्मचारी ने कहा- कोई अच्छी लड़की देखकर मेरी शादी करा दो साहब

## सरगुजा में प्रशासन के पास शादी कराने का आवेदन लेकर पहुंचा आदमी

**विजय मत, ब्यूरो सरगुजा**

पारदर्शिता, समाधान और जनसंवाद के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा शुरू किए गए प्रदेशव्यापी सुशासन तिहार में कई रोचक और अजब-गजब शिकायतें भी आ रही हैं। समाधान के लिए शिकायतों की इसी फेहरिस्त में एक युवक ने अपनी शादी कराने की गुहार लगाई है। वहीं एक अन्य की शिकायत है कि- ससुराल जाने के लिए बाइक नहीं है। शादी कराने से संबंधित अनोखा आवेदन सरगुजा जिले में एक संविदा कर्मचारी ने लगाया है। आवेदन में लिखा है कि मैं 46 साल का हो चुका हूं। मेरी शादी नहीं हुई है। घरवाले भी ध्यान नहीं दे रहे हैं। कोई अच्छी लड़की देखकर मेरी शादी करवा दो। मिली जानकारी के मुताबिक, इस तरह के कई आवेदन आ रहे हैं। इनमें एक युवक ने ससुराल जाने के लिए बाइक की मांग की है। ये दोनों आवेदन महिला एवं बाल विकास के तहत आयोजित सुशासन तिहार कार्यक्रम में आए हैं। बता दें, यहां लोग अपनी समस्याओं को लेकर हजारों की संख्या में आवेदन कर रहे हैं।


सुशासन तिहार 2025
जिला: सरगुजा | विकास खण्ड: अंबिकापुर
ग्राम पंचायत: Bhafauli | गाँव: Bhafauli
विभाग का नाम: महिला बाल विकास | मांग: ☑
आवेदक का नाम: मनोज टोप्पो | मोबाइल नं०: [illegible]872
आवेदन का विषय: शादी करने बावत
आवेदन का विवरण: मैं मनोज टोप्पो जो कि मेरा उम्र 46 वर्ष हो गया है अभी तक मेरा शादी नहीं हुआ है नहीं मेरा शादी घर वाले नहीं करवा रहे हैं। इसलिये मेरा निवेदन है कि मेरा शादी कोई अच्छी लड़की देखकर करवा दीया जाए।
मनोज
आवेदक का हस्ताक्षर

### गांव से ससुराल और बाजार दूर है, इसलिए बाइक चाहिए...

अजब-गजब आवेदन से जुड़ा दूसरा मामला मैनपाट ब्लॉक के कदनई पंचायत का है। यहां के रहने वाले अजेश कुमार ठाकुर ने भी सुशासन तिहार के कार्यक्रम आवेदन किया है। आवेदन देकर बाइक की मांग की है। युवक ने आवेदन में लिखा कि उसे ससुराल और बाजार जाने में दिक्कत होती है। युवक ने आवेदन में लिखा है कि उसे बाइक की जरूरत है, क्योंकि उसके गांव से ससुराल और हाट बाजार दूर है। आवेदन में संबंधित विभाग का नाम भी लिखा गया है। साथ ही ऑटो एजेंसी का नाम भी लिखा है। यह आवेदन 10 अप्रैल को कदनई पंचायत के शिविर में जमा किया गया है।

### लिखा- घरवाले ध्यान नहीं दे रहे...

आवेदन देने वाले संविदाकर्मी का नाम मनोज टोप्पो है, जो अंबिकापुर ब्लॉक के भफौली का निवासी है। वह एक स्कूल में स्वीपर के पद पर पदस्थ है। सरकारी नौकरी होने के बाद भी उसकी शादी नहीं लग रही है, जिससे मनोज परेशान है। मनोज टोप्पो ने बताया कि, जब वो छोटा था, तभी उसके पिता की मौत हो गई थी। वे 3 भाई और एक बहन हैं, जिनमें से 2 भाई और बहन की शादी हो गई है। मनोज अपनी मां और 2 भतीजों के साथ रहता है। भाई और मां उसके शादी के लिए ध्यान नहीं दे रहे हैं। वे ध्यान देते तो पहले ही शादी हो जाती। मनोज ने बताया कि वह अकेले रहता है, तो उसे अच्छा नहीं लगता, इसलिए भतीजों को अपने घर में साथ रखता है। शायद सरकार सुन ले और शादी करा दे, इसलिए आवेदन दिया है। शादी कराने को लेकर सरकार से बड़ी उम्मीद है।

## वरिष्ठ नागरिकों की छूट खत्म कर रेलवे ने पांच 5 साल में 8,913 करोड़ रुपये अतिरिक्त कमाए

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सूचना का अधिकार अधिनियम (आरटीआई) के तहत दायर एक आवेदन के जवाब में रेलवे सूचना प्रणाली केंद्र (सीआरआईएस) ने बताया कि भारतीय रेलवे ने वरिष्ठ नागरिकों को मिलने वाली रियायतें वापस लेकर पांच वर्षों में लगभग 8,913 करोड़ रुपये का अतिरिक्त राजस्व कमाया है। संसद में कई बार वरिष्ठ नागरिकों के लिए ट्रेन टिकटों पर रियायत बहाल करने का सवाल उठाया गया है, जिस पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि रेलवे पहले से ही प्रत्येक यात्री को औसतन 46 प्रतिशत का रियायत देता है। ज्ञात हो कि 60 वर्ष से अधिक आयु के पुरुष और ट्रांसजेंडर तथा 58 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं को 20 मार्च, 2020 से पहले सभी वर्गों के ट्रेन टिकटों पर क्रमशः 40% और 50% की छूट मिलती थी। कोविड महामारी की शुरुआत के बाद रेल मंत्रालय ने इस छूट को वापस ले लिया था।



## न्यूज इन शॉर्ट



### नहर में मिला अज्ञात युवक का शव

दुर्ग। दुर्ग के भिलाई डबरा पारा में उस समय हड़कंप मच गया जब नहर में एक अज्ञात युवक की लाश तैरती हुई मिली घटना की जानकारी मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर जमा हो गए फिलहाल पुलिस मामला दर्ज कर विवेचना कर रही है. दरअसल घटना स्थल पर पहुंचे छावनी सीएसपी हरीश पाटिल ने बताया कि यह शव डबरापारा नहर से बरामद किया गया है प्रारंभिक जांच में ऐसा प्रतीत हो रहा है कि युवक कहीं दूर से बहते हुए इस स्थान तक आया है प्रथम दृष्टया मामला दुर्घटनावश नहर में गिरने का लग रहा है युवक की पहचान फिलहाल नहीं हो पाई है लेकिन उसकी जेब से शराब की एक बोतल बरामद हुई है, जिससे आशंका जताई जा रही है कि युवक नशे में था और संतुलन बिगड? के कारण नहर में गिर गया होगा फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मौके पर फॉरेंसिक टीम भी पहुंच चुकी है जो साक्ष्य एकत्र कर रही है सीएसपी पाटिल ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के असली कारणों का पता चल सकेगा।पुलिस आस-पास के क्षेत्रों में लापता व्यक्तियों की जानकारी जुटा रही है और सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं ताकि युवक की पहचान की जा सके और यह स्पष्ट हो सके कि यह हादसा था या इसके पीछे कोई साजिश है।

### महिला नगर सैनिक की हत्या से इलाके में सनसनी

गरियाबंद । जिले में महिला नगर सैनिक की हत्या से इलाके में सनसनी फैल गई है. कस्तूरबा हॉस्टल गरियाबंद में पदस्थ 32 वर्षीय महिला नगर सैनिक ओमिका ध्रुव की उनके ही पति सोहन साहू ने गला दबाकर हत्या की है. वारदात के बाद आरोपी पति पाण्डुका थाना पहुंचकर खुद मामले की सूचना पुलिस को दी. बताया जा रहा कि चरित्र शंका पर पति ने वारदात को अंजाम दिया है.घटना की सूचना के बाद थाना प्रभारी जयप्रकाश नेताम फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटा रहे हैं. गले में नाखून के निशान है. थाना प्रभारी जयप्रकाश नेताम ने बताया कि आरोपी पति को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है.आरोपी पति और मृतका दोनों मुरमुरा गांव के हैं. 10 साल पहले दोनों ने प्रेम विवाह किया था. दोनों के दो बच्चे भी हैं. पिछले एक सप्ताह से ओमिका अपने मां के घर रह रही थी. हास्टल ड्यूटी के बाद छुट्टी पर घर आई थी. आज ड्यूटी ज्वाइन करने पति के साथ बाइक से वापस जा रही थी. दोनों गांव से 10 किमी आगे पहुंचे थे, इसी बीच दोनों का विवाद हुआ. इस दौरान पति ने पत्नी का गला दबाकर हत्या कर दी. बताया जा रहा कि चरित्र शंका को लेकर आए दिन दोनों में विवाद होते रहता था.

### टूल्लू पंप का उपयोग करने वालों पर की गई कार्रवाई

राजनांदगांव ।लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के मैदानी अमलों द्वारा द्वारा ग्रीष्म ऋतु में जिले के सभी ग्रामों में पेयजल की सतत व्यवस्था बनाये रखने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। अवैध रूप से टुल्लू पंप के माध्यम से सीधे नलों से पानी लेने वालों पर कार्रवाई की जा रही हैउल्लेखनीय है कि उच्च न्यायालय द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों का निरीक्षण कर टुल्लू पंप के माध्यम से सीधे नलों से अवैध तरीके से पानी लेने वालों के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। जिसके परिपालन में कलेक्टर संजय अग्रवाल ने ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध रूप से चल रहे टुल्लू पंपों पर आवश्यक कार्रवाई करने के लिए टीम का गठन किया है तथा पीएचई विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। आदेशानुसार पीएचई के विभागीय अमला द्वारा राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम ठेकवा एवं ककरेल का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ग्राम ठेकवा के 7 तथा ककरेल के 3 घरों में टुल्लू पंप से सीधे नलों से पानी लेते पाया गया। जिस पर कार्रवाई करते हुए टुल्लू पंप को जप्त किया गया और जप्ती प्रकरण बनाकर टुल्लू पंप को ग्राम पंचायत को सुपुर्द किया गया।इसके साथ ही ग्रामीणों को ग्रीष्म ऋतु में पेयजल की समस्या को देखते हुए पानी का सदुपयोग करने के लिए समझाईश भी दी गई। साथ ही पानी को व्यर्थ बहने से रोकने के लिए नलों में टोटियां भी लगाने कहा।पीएचई विभाग द्वारा पेयजल की समस्या के समाधान के लिए 24 घंटे क्रियाशील टोल फ्री नंबर 1800 2330008 जारी किया गया है। पानी की किसी भी प्रकार की समस्या के समाधान के लिए ग्रामीण टोल फ्री नंबर पर संपर्क कर समस्या समाधान पा सकते है।

**पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की बाहुप्रचारित मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना में भ्रष्टाचार, भवन के ढह जाने का खतरा**

# 16 लाख की लागत से बना स्कूल खंडहर में तब्दील

**विजय मत,ब्यूरो बीजापुर ।**

पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की बहुप्रचारित मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना में बड़े पैमाने पर अनियमितता और भ्रष्टाचार सामने आया है। बीजापुर जिले के उसूर विकासखंड स्थित सोढीपारा प्राथमिक विद्यालय का भवन 16 लाख 10 हजार रुपये की लागत से बना था, लेकिन कुछ ही महीनों में इसकी दीवारों में दरारें पड़ने लगी हैं। स्थानीय लोगों में डर है कि यह अधूरा भवन किसी भी वक्त ढह सकता है।प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर स्कूल भवनों के जीर्णोद्धार और अतिरिक्त कक्षों के निर्माण के लिए करीब 2,000 करोड़ रुपये की योजना लागू की गई थी। इस योजना के तहत बीजापुर जिले में 58 नए स्कूल भवनों के लिए लगभग 9.30 करोड़ रुपये जारी किए गए थे। परंतु जमीनी स्तर पर काम में भारी लापरवाही और गड़बड़ी की बात सामने आई है।

### दरारों से भरा नया स्कूल भवन

ठेकेदार जय प्रकाश सिंह द्वारा निर्मित सोढीपारा स्कूल भवन आधा अधूरा बनाकर विभाग से भुगतान भी ले लिया गया।



लेकिन निर्माण की गुणवत्ता इतनी खराब रही कि एक साल के भीतर ही भवन की दीवारें फटने लगीं। स्थानीय लोगों ने बताया कि स्कूल की हालत देखकर बच्चों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता है।

### शीट से बने कमरे, पक्के भवन की राशि हजम

निदेर्शानुसार पक्के भवन बनने थे, लेकिन ठेकेदार ने शीट से बने अधूरे कमरे बनाकर लाखों रुपये की सरकारी राशि डकार ली। विभागीय इंजीनियरों की संलिप्तता भी उजागर हो रही है, जिन्होंने अपूर्ण भवनों को पूर्ण बताकर फाइलें क्लोज कर दीं।

### वेंटिलेशन का भी घोटाला

स्कूल भवनों की छत पर चार टर्बो वेंटिलेटर पंखे लगने थे ताकि गर्मी में वेंटिलेशन बना रहे, लेकिन एक भी पंखा नहीं लगाया गया। बताया जा रहा है कि ठेकेदार और इंजीनियर ने मिलकर यह राशि भी हड़प ली।

### जिम्मेदारों की चुप्पी

जब इस पूरे मामले में ठेकेदार, विभागीय अधिकारी और इंजीनियर से संपर्क करने की कोशिश की गई, तो किसी ने भी फोन उठाना मुनासिब नहीं समझा।

### प्रशासन की प्रतिक्रिया

जिला शिक्षा अधिकारी एल.एल. धनेलिया ने कहा कि उन्हें इस मामले की जानकारी मीडिया के माध्यम से मिल रही है। यदि निर्माण में गड़बड़ी पाई गई तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन ने साफ किया है कि मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# मौजूदा वर्ष का पहला संपत्ति कर विधायक किरण देव ने जमा किया

**विजय मत,ब्यूरो जगदलपुर।**

संपत्ति कर का मतलब है वह वार्षिक राशि जो किसी भू स्वामी-संपत्ति स्वामी अपने क्षेत्र की स्थानीय सरकार या नगर निगम को देनी होती है। संपत्ति में सभी मूर्त अचल संपत्ति, उसका घर,कार्यालय भवन और वह संपत्ति शामिल है जिसे उसने दूसरों को किराए पर दिया है। नगर निगम सालाना या अर्धवार्षिक आधार पर संपत्ति कर का आकलन और अधिरोपण करता है। एकत्र की गई राशि का उपयोग मुख्य रूप से सार्वजनिक सेवाओं जैसे सड़कों की मरम्मत, स्कूल,इमारतो का निर्माण, स्वच्छता आदि के लिए किया जाता है। महापौर संजय पांडे के मार्गदर्शन एवं आयुक्त प्रवीण वर्मा के सहयोग से शनिवार को जगदलपुर के विधायक एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए एक मुश्त संपत्ति का भुगतान किया। जो नगर पालिका निगम के वित्तीय वर्ष 2025-26 मे संपत्ति कर देने वाले प्रथम नागरिक बने। संपत्ति कर जमा करने के साथ-साथ विधायक ने निर्धारित समयवधि मे करों का भुगतान कर छूट का लाभ भी प्राप्त किये। शनिवार को शांति नगर स्थित आवास में राजस्व अधिकारी विनय श्रीवास्तव एवं राजस्व सभापति संग्राम सिंह राणा के नेतृत्व मे संपत्ति कर जमा किए। राजस्व सभापति संग्राम सिंह राणा ने कहा विधायक जगदलपुर किरण सिंह देव ने 2025-26 का संपत्ति जमा कर प्रथम नागरिक बनने की मैं बधाई देता हूं। उनसे प्रेरणा लेकर हम सभी समय से पहले संपत्ति कर जमा करेंगे। जिससे हम सभी को टेक्स का लाभ मिल सके। वित्तीय वर्ष 2025--26 मे 01 अप्रैल 2025 से 31 मई 2025 तक संपत्ति कर जमा करने पर 06.25 प्रतिशत की छूट दी गई है.

# पुलिस ने नवीन कानून विषय पर कार्यशाला आयोजित कर डॉक्टर, नर्स व पैरामेडिकल स्टाफ को दी जानकारी

**विजय मत,ब्यूरो सूरजपुर।**

1 जुलाई 2024 से देशभर में 3 नए आपराधिक कानून अमल में आ चुके है। इन कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन, विभिन्न पहलुओं से डॉक्टर, नर्स व पैरामेडिकल स्टाफ को अवगत कराने कार्यशाला का आयोजन करने के निर्देश डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने दिए थे।

शनिवार, 12 अप्रैल 2025 को जिला पुलिस कार्यालय के सभाकक्ष में नए कानूनों पर कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो के द्वारा जिला चिकित्सालय के डॉक्टर, नर्स व पैरामेडिकल स्टाफ को नए कानून के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए इस विषय पर चर्चा कर कहा कि 1 जुलाई 2024 से नवीन तीनों कानून के तहत कार्य किए जा रहे है। पुलिस एवं चिकित्सक तथा चिकित्सीय क्षेत्र से जुड़े सभी इनका अच्छी तरह अध्ययन करें जिससे इनका जनहित में प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि पुलिस का प्रमुख काम अपराध होने से पहले ही रोकना और कानून व्यवस्था बनाए रखना है। पुलिस की अपराध विवेचना सहित घायलों को चिकित्सीय उपचार, मुलाहिजा व पोस्ट मार्डम में डॉक्टर व उनकी टीम का बड़ी महत्वपूर्ण कार्य होता है जिसमें सहयोग करने की बात कही। डीएसपी रितेश चौधरी ने जानकारी देते हुए कहा कि नए कानूनों में ऐसे बहुत से प्रावधान हैं, जो पुलिस को पहले से ज्यादा ताकतवर बनाते हैं। मसलन- पुलिस अब आरोपी को 90 दिन तक हिरासत में रख सकती है, पहले ये अवधि 15 दिन थी। बीएनएसएस के चैप्टर 13 के सेक्शन 173 में प्रावधान है कि पुलिस अधिकारी को किसी संगीन मामले की शिकायत मिलने पर प्रथम सूचना पत्र लिखने से पहले अपने सीनियर ऑफिसर से अनुमति लेकर 14 दिन की प्राथमिक जांच करनी होगी।



# मिट्टी के सकोरे 16 साल से निशुल्क बांट रहे हैं ग्रीन कमांडो वीरेंद्र सिंह

**विजय मत,ब्यूरो बालोद।**

जिला के दल्ली राजहरा मे ग्रीन कमांडो वीरेंद्र सिंह शासकीय मिडिल स्कूल सालेह मे स्कूल बच्चों को मिट्टी के सकोरे भेट कर पक्षियों के लिए पानी और दाना रखने के लिए प्रेरित किया ।पक्षियों को बचाने अच्छी पहल 16 साल से फ्री में 1800 सकोरे बांट चुके है आस पास के जंगलों में मिट्टी के पात्र में पानी रखते है। कांकेर और बालोद जिले में गर्मी सीजन में पक्षियों को बचाने जिले के ग्रीन कमांडो वीरेंद्र सिंह अच्छी पहल कर रहे हैं। आम लोगों के अलावा सरकारी, निजी स्कूल के शिक्षकों, बच्चों, समाजसेवियों, सरकारी विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को फ्री में सकोरे बांटकर पक्षियों की प्यास बुझाने पानी डालने कीअपील कर रहे हैं। 16 साल में 1800 से ज्यादा सकोरे फ्री में बांट चुके हैं। वीरेंद्र सिंह ने बताया कि हर साल न्यूनतम 100 सकोरे बांटने का लक्ष्य तय किया है। पक्षियों के लिए छत, आंगन व शासकीय कार्यालयों में पेड़ के डंगाल पर सकोरा बांध रहे हैं। जल संरक्षण के लिए भी पहल कर रहे हैं।



**पेटिंग, बैनर, पोस्टर के जरिए जागरूक कर रहे**-वीरेंद्र सिंह अपने खर्चे से पेंटिंग, बैनर, पोस्टर बनाकर लोगों को जागरूक कर रहें है। इसके अलावा शादी मंडप स्थल में पहुंचकर वर-वधू, घरों में पहुंचकर लोगों को सकोरे बांटकर पानी बचाने की अपील कर रहें है।

लोग प्रेरित होकर छत व अन्य स्थानों में सकोरे रख रहें है। मन की बात के 101वें कड़ी में पीएम नरेंद्र मोदी ग्रीन कमांडो की पहल की सराहना कर चुके है।

# कृषि विभाग में वेल्यू चेन पार्टनर बनने के लिए आवेदन आमंत्रित

**विजय मत,ब्यूरो मनेंद्रगढ़।**

कार्यालय उप संचालक कृषि मनेंन्द्रगढ जिला - एम सी बी द्वारा नेशनल मिशन आन इडिबल आयल/आयल सीड योजनान्तर्गत वेल्यू चेन पार्टनर हेतु कृषक उत्पादक संगठन या सहकारी समितियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। इच्छुक संस्थाएं अपना आवेदन पत्र दिनांक 23-4-2025 तक कार्यालयीन समय सायं 5.30 तक जमा कर सकते हैं।

विदित हो कि नेशनल मिशन आन इडिबल आयल/आयल सीड योजनान्तर्गत चयनित वेल्यू चेन पार्टनर के माध्यम योजनान्तर्गत कृषकों का चयन,मृदा स्वास्थ्य परीक्षण, चयनित कृषकों को बीज वितरण ,कृषक प्रशिक्षण एवं फार्म स्कूल संचालन, सलाहकार सेवाओं का प्रसार एवं कृषकों द्वारा उत्पादित फसलों का संवर्धन एवं विपणन आदि गतिविधियां किया जाना है ।उक्त गतिविधियों में योजनान्तर्गत पात्रतानुसार वित्तीय सहायता भी चयनित वैल्यू चैन पार्टनर को प्रदान किया जावेगा ।आवेदक कृषक उत्पादक संगठन एवं सहकारी समितियां जो एम सी बी जिले में संचालित हैं,उनके चयन के मापदंड इस प्रकार होंगे ।समितियों का पंजीयन,कंपनी अधिनियम अथवा सहकारिता अधिनियम के अंतर्गत होना चाहिए। जिले में कार्य करने का

कम से कम तीन वर्ष का अनुभव होना चाहिए। कम से कम 200 कृषक ,कृषक उत्पादक संगठन या सहकारी समिति में पंजीकृत होना चाहिए। पिछले तीन वर्षों में संस्था का औसत कारोबार नौ लाख (9.00लाख) रु से अधिक नहीं होना चाहिए।


कृषक उत्पादक संगठन में किसानों का कम से कम तीन लाख का इक्विटी होना चाहिए। उपरोक्त पात्रता व मानदंडों के आधार पर अर्ह संस्थाएं अपना आवेदन पत्र निर्धारित तिथि तक समस्त अभिलेखों के साथ कार्यालय उप संचालक कृषि बंगला स्कूल,इंदिरा पार्क के पास झगराखांड जिला एम सी बी (छ ग)में जमा कर सकते हैं।

# रफ्तार को नियंत्रित नहीं कर पाया ड्राइवर, 24 लोगों से भरी पिकअप खाई में गिरी, 2 की मौत

**हादसा: सीआरपीएफ के जवानों ने बचाई घायलों की जान, 12 ग्रामीणों की हालत गंभीर**

**विजय मत,ब्यूरो दंतेवाड़ा।**

जिले में शनिवार को तेज रफ्तार पिकअप बेकाबू होकर पलट गई। हादसे में 2 लोगों की मौत हुई है, जबकि 12 से ज्यादा लोग गंभीर रूप से घायल हैं। बताया जा रहा है कि, पिकअप में 24 लोग सवार थे। हादसा अरनपुर थाना इलाके में हुआ है ।जानकारी के मुताबिक, मासा मड़कम (12) और सोढ़ी कोयदो (20) की मौत हुई है। दोनों गोंडेरास के रहने वाले थे, जो ताड़मेटला गए थे। वहीं मड़कम लख्खे (21), मड़कम देवा (30), माड़वी मासे (50), हड़मा माड़वी (52) और सोढ़ी देवा (16) गंभीर रूप से घायल हैं ।हादसे के बाद 231 बटालियन के कैंप के जवानों ने घायलों की जान बचाई ।पुलिस के मुताबिक, शनिवार दोपहर 24 लोग पिकअप वाहन से ताड़मेटला से गोंडेरास गांव लौट रहे थे। इसी बीच कोंडासांवली और कमल पोस्ट के बीच घाट में पिकअप सड़क किनारे खाई में गिर गई। हादसे की खबर मिलते ही सीआरपीएफ 231 बटालियन के जवान और अफसर मौके पर पहुंचे। इस दौरान मासा मड़कम और सोढ़ी कोयदो की मौत हो चुकी थी, जबकि 12 ग्रामीण लहूलुहान थे। सभी घायलों का सीआरपीएफ के डॉक्टर्स ने मौके पर प्राथमिक इलाज किया। इसके बाद अरनपुर से एंबुलेंस बुलवाकर सभी को दंतेवाड़ा जिला अस्पताल रेफर किया गया।



### खून से सने पड़े थे घायल:

हादसे के बाद कुछ जंगल में तो कुछ सड़क पर खून से सने पड़े थे। इस दौरान सीआरपीएफ के जवानों ने कुछ घायलों को सीपीआर देकर भी जान बचाई। इसके साथ ही पिकअप सवार बाकी 10 लोगों को मामूली चोटें आई है। वहीं पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# नव नियुक्त भाजपा मण्डल अध्यक्ष धीरज मौर्य ने प्रदेश एवं जिला संगठन के प्रति जताया आभार

- कृतज्ञता जाहिर करते हुए कहा पार्टी के भरोसे पर खरा उतरने हर जतन और प्रयास करूंगा
- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा, जिला अध्यक्ष चम्पादेवी पावले, स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल, क्षेत्रीय विधायक रेणुका सिंह सहित प्रदेश संगठन का जताया आभार

**विजय मत,ब्यूरो मनेंद्रगढ़।**

जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय रायपुर द्वारा भाजपा मण्डल अध्यक्ष केल्हारी के नियुक्ति पत्र के जारी होते ही केल्हारी मण्डल में भाजपा कार्यकताओं में हर्ष का माहौल व्याप्त है। अधर में लटका मण्डल अध्यक्ष की जिम्मेदारी युवा नेता को मिलने से युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है तो वहीं पार्टी के वरिष्ठ



नेताओं ने भी ऊ जा वा ि ना नवनियुक्त मण्डल अध्यक्ष धीरज मौर्य की नियुक्ति पर खुशी जाहिर किए हैं। नवनियुक्त मण्डल अध्यक्ष धीरज मौर्य राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ कार्यालय में रहकर पढ़ाई पूरी करने के बाद अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन किया है तो वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिला महामंत्री का दायित्व का कुशल निर्वहन कर रहे हैं। बचपन से ही मां पिता का साया उठने के बावजूद दादी मां ने शिक्षा दीक्षा दिलाई,पारिवारिक पृष्ठभूमि बेहद कमजोर होने के बावजूद भाजपा के प्रति समर्पण देख पार्टी ने इन्हें कई जिम्मेदारी दी। हाल ही में संपन्न त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव में भी बतौर चुनाव प्रभारी जिला पंचायत सदस्य में जीत दर्ज कराने में अहम भूमिका निभाए। पत्रकारों के सवालों पर जवाब देते हुए नवनियुक्त भाजपा मण्डल अध्यक्ष धीरज मौर्य ने अपनी नियुक्ति पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी में ही संभव है कि अन्तिम से अन्तिम व्यक्ति नेतृत्व कर सकता है। प्रदेश एवं जिला संगठन के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए नव नियुक्त भाजपा मण्डल अध्यक्ष धीरज मौर्य ने प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा, जिला अध्यक्ष चम्पादेवी पावले, स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल सहित क्षेत्रीय विधायक रेणुका सिंह एवं केल्हारी क्षेत्र के भाजपा कार्यकताओं का आभार जताया है।

**जालसाजी** | **दोनों आरोपियों को पुलिस ने रायपुर से किया गिरफ्तार, पूछताछ के बाद सामने आ सकते हैं और भी मामले**

# स्व-रोजगार का सपना दिखाकर महिलाओं से ठगे 69 लाख रुपए

**विजय मत,ब्यूरो महासमुंद।**

आटा चक्की लगाकर लघु उद्योग स्थापित करने के नाम पर दो महिलाओं ने जिले की 151 महिलाओं से करीब 69 लाख रुपये की ठगी की है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी दोनों शातिर महिलाओं को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार रायपुर निवासी राखी ध्रुव और पूनम नायक ने 2024 में आटा चक्की लगाकर लघु उद्योग स्थापित करने के लिए महिलाओं को झांसा दिया। फिर दोनों ने महासमुंद, मुड़ियाडीह और आरंग में 10-10 महिलाओं की समूह बनाकर एक एक आटा चक्की स्थापित करा कर उन महिलाओं को 6 हजार रुपये मानदेय देने की बात कही। बाद बड़े पैमाने पर लघु उद्योग स्थापित करने बैंक से लोन लेने कहा फिर सभी महिलाओं ने बैंक से 40- 40 हजार रुपये का लोन लिया। महिलाओं ने बैंक से लिए गए लोन को दोनों को दे दिया। शुरू में कुछ महीने दोनों बैंक का किशत जमा कर रही थी , बाद 6 महीने किश्त जमा नहीं किया तो बैंक ने महिलाओं को किश्त जमा करने दबाव बनाया। महिलाओं ने परेशान हो कर थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई। साथ ही महिलाओं ने पुलिस के साथ रायपुर जाकर दोनों महिलाओं को सिटी कोतवाली लाया। बता दें कि इन दोनों ठग महिलाओं ने महासमुंद की 50 महिलाओं से 28 लाख 38 हजार, आरंग की 79 महिलाओं से 31 लाख 60 हजार, महासमुंद जिले के ग्राम मुड़ियाडीह की 22 महिलाओं से 8 लाख 80 हजार रुपये ठगी की है।



### पहले भी ठगी के दो मामले दर्ज

पीड़िता प्रिया देवांगन, ममता साहू, उषा सेन, त्रिप्ती दुबे, निशा साहू, कविता साहू, निर्मला कनौजे, कुलेश्वरी सोनकर, संगीता देवांगन, प्रियंका पटेल, खेमिन सोनकर, लिनिता सोनकर, कामिनी देवांगन, धर्मोतिन पटेल ने बताया कि मां दंतेश्वरी लघु उद्योग नयापारा में आटा चक्की स्थापित करने के लिए 10 महिलाओं से आधार कार्ड और फोटो लिया था।

बाद में महिलाओं की समूह बनाकर स्वरोजगार देने की बात कही थी। पहले महीने तो सभी को 6-6 हजार रुपये मानदेय के रूप में दिया गया। बाद में बैंक से लोन कहा । जिस पर सभी ने बैंक से 40-40 हजार रुपये लोन लिया। एडिशनल एसपी प्रतिभा पाण्डेय का कहना है महासमुंद शहर के अलावा, खल्लारी विधानसभा के ग्राम मुड़ियाडीह और आरंग की महिलाओं से ठगी की है। इन दोनों के खिलाफ दुर्ग के उतई में पहले से ठगी के दो अपराध दर्ज हैं।

## न्यूज इन शॉर्ट



### पेयजल आपूर्ति को लेकर सभी जोन अध्यक्ष सक्रिय हुए

रायपुर। आज नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 4 के जोन अध्यक्ष मुरली शर्मा ने जोन 4 कार्यालय में जोन कमिश्नर अरुण ध्रुव, कार्यपालन अभियंता शेखर सिंह, सहायक अभियंता दीपक देवांगन सहित अन्य जोन अधिकारियों की उपस्थिति में बैठक हुई. जोन 4 के तहत सदर बाजार स्वामी विवेकानंद वार्ड के सदर बाजार, बूढ़ापारा और अन्य स्थानों, मोहल्लों में गर्मी में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को लेकर किये जा रहे कार्यों की सम्बंधित अधिकारियों से जानकारी ली. जोन 4 अध्यक्ष ने वार्ड क्षेत्र के अंतर्गत प्रगतिरत विकास कार्यों की जानकारी ली और चर्चा करते हुए कार्य समीक्षा सहित आवश्यक निर्देश दिए.

### महिला होमगार्ड के सैकड़ों पदों पर भर्ती परीक्षा 22 को

रायपुर। होमगार्ड विभाग द्वारा 1715 महिला नगर सैनिकों (छात्रावास ड्यूटी) तथा 500 नगर सैनिकों (जनरल ड्यूटी) के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु लिखित परीक्षा 22 जून 2025 को छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा राज्य के चार जिलों रायपुर, बिलासपुर, जगदलपुर एवं अंबिकापुर में संपादित होगी। होमगार्ड विभाग में 1715 महिला नगर सैनिकों (छात्रावास ड्यूटी) तथा 500 नगर सैनिकों (जनरल ड्यूटी) के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु वर्ष 2024 में शारीरिक मापजोख एवं दक्षता परीक्षा चार संभागीय केंद्रों में रायपुर बिलासपुर, जगदलपुर एवं अंबिकापुर में आयोजित की गई थी।जिसमें पात्र 20,137 अभ्यर्थी को लिखित परीक्षा के लिए चयनित किया गया है। चयनित सभी अभ्यर्थियों की सूची विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध है। चयनित सभी अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र के लिए छत्तीसगढ़ व्यापम वेबसाइट लिंक में जाकर पंजीयन करना अनिवार्य होगा। विभाग द्वारा आवंटित एप्लीकेशन आईडी एवं जन्म तिथि डालकर अभ्यर्थी छत्तीसगढ़ व्यापम की वेबसाइट पर लिखित परीक्षा हेतु आवेदन करेंगे।व्यापम द्वारा पंजीयन नंबर पर ही लिखित परीक्षा हेतु अभ्यर्थी को प्रवेश पत्र जारी किया जाएगा। जिन पात्र अभ्यर्थी द्वारा छत्तीसगढ़ व्यापम की वेबसाइट में जाकर पंजीयन एवं आवेदन सबमिट नहीं किया जाएगा वे अभ्यर्थी लिखित परीक्षा से वंचित होंगे। इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी अभ्यर्थी की स्वयं की होगी तथा इस संबंध में कोई पत्राचार स्वीकार नहीं होंगे।अभ्यर्थी द्वारा होमगार्ड विभाग के वेबसाइट पर पूर्व में जमा किए गए ऑनलाइन आवेदन पत्र में किसी भी तरह का सुधार या संशोधन किए जाने की अनुमति नहीं होगी। व्यापम की वेबसाइट पर आवेदन पत्र को सफलतापूर्वक सबमिट करना अनिवार्य है। लिखित परीक्षा कार्यक्रम व्यापम वेबसाइट पर पंजीयन उपरांत ऑनलाइन आवेदन सबमिट करने की प्रारंभिक तिथि 16 अप्रैल है। व्यापम वेबसाइट पर पंजीयन उपरांत ऑनलाइन आवेदन सबमिट करने की अंतिम तिथि 30 मई 2025 शाम 5 बजे तक निर्धारित किया गया है।परीक्षा तिथि 22 जून 2025, परीक्षा का समय पूर्वाहन 2 घंटे की होगी।प्रवेश पत्र जारी करने की तिथि 13 जून 2025 को एवं परीक्षा केंद्र रायपुर, बिलासपुर जगदलपुर एवं अंबिकापुर में परीक्षा आयोजित होंगे।

### चिकन बांटने को लेकर दो भाई भीड़े, छोटा गंभीर

रायपुर। चिकन बांटने को लेकर दो भाइयों के बीच झगड़ा उत्पन्न हो गया और एक भाई ने दूसरे पर जानलेवा हमला कर दिया जिसमें छोटे भाई साहिल मिरी उर्फ पिलू को गंभीर स्थिति में अंबेडकर अस्पताल में भर्ती किया गया जहां उसकी हालत फिलहाल खतरे से बाहर बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी भाई अजय मिरी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी खोजबीन में जुट गई है।

रोजी-मजदूरी करने वाली मां ने गुढियारी थाने में अपने मंझला बेटे के खिलाफ मामला दर्ज करवाते हुए बताया कि वह 11 अप्रैल को काम से घर लौटीं, घर में उनके पति प्रेमचंद मिरी और दोनों बेटे- मंझला अजय मिरी और छोटा साहिल मिरी-चिकन बनाने की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान चिकन के बंटवारे को लेकर अजय और साहिल के बीच बहस शुरू हो गई। अजय ने कहा, यह मेरा चिकन है, मैं ज्यादा हिस्सा रखूंगा, इस बात पर साहिल ने आपत्ति जताई, जिसके बाद अजय ने गाली देकर जान से मारने की धमकी दी।

### राजभवन में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया अरूणाचल प्रदेश, राजस्थान एवं ओडिशा का स्थापना दिवस

# एक-दूसरे की संस्कृति को समझेंगे, सम्मान करेंगे; तभी बनेगा सशक्त भारत : राज्यपाल






**विजय मत, रायपुर।**

राजभवन में आज अरूणाचल प्रदेश, राजस्थान और ओडिशा राज्यों का स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। राज्यपाल रमेन डेका ने इस अवसर पर कहा कि जब हम एक-दूसरे की संस्कृति को समझेंगे, स्वीकार करेंगे और उसका सम्मान करेंगे तभी सशक्त भारत का निर्माण होगा।

केन्द्र सरकार के एक भारत-श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत यह आयोजन किया गया था जिसमें छत्तीसगढ़ में निवास करने वाले इन राज्यों के लोगों ने उत्साह के साथ भाग लिया। राज्यपाल ने स्थापना दिवस के अवसर पर सभी को बधाई दी।कार्यक्रम में राज्यपालरमेन डेका ने कहा कि प्रधानमंत्रीनरेंद्र मोदी जी की पहल पर शुरू किए गए एक भारत-श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम हमें आपसी सांस्कृतिक आदान-प्रदान आर्थिक सहयोग और राष्ट्रीय एकता को बढ़ाने का संदेश देती है। उन्होंने कहा कि हमारे देश की विविधता यहां के खान-पान, पहनावे, परंपराओं, रीति-रिवाजों और अनुष्ठानों में देखी जा सकती है। भारत के विभिन्न क्षेत्रों में बोली जाने वाली भाषाओं की विविधता देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रमाण है। राज्यपाल श्री डेका ने कहा कि राजाओं की भूमि के रूप में जाना जाने वाला राजस्थान अपने शाही इतिहास, भव्य किलों और महलों के साथ भारतीय वीरता और सांस्कृतिक गौरव की कहानियों को संरक्षित किए हुए है। इस राज्य के लोग बहुत मेहनती होते है। यहां के लोग अपनी मेहनत और लगन के बल पर आर्थिक उन्नति कर रहें और देश की अर्थव्यवस्था में अपना योगदान दे रहे हैं। छत्तीसगढ़ सहित देश के सभी राज्यों में वाणिज्य और व्यापार के क्षेत्र में मारवाड़ी समाज ने अभूतपूर्व योगदान दिया है। राजस्थान के लोग जहां भी जाते है वहां की संस्कृति में घुल मिल जाते है। उन्होंने कहा कि माउंटआबू में स्थित दिलवाड़ा जैन मंदिर शिल्पकला का एक अदभुत नमूना है, भारत में ऐसा कहीं नहीं है।

राज्यपाल ने कहा कि छत्तीसगढ़िया और उड़िया भाई-भाई हैं। दोनों राज्यों की संस्कृति एक-दूसरे से बहुत मिलती-जुलती है। छत्तीसगढ़ में 35 लाख ओड़िया भाई रहते है। ओडिशा राज्य के नागरिक विभिन्न क्षेत्रों, विशेषकर कृषि और खनन में अपनी विशेषज्ञता के साथ छत्तीसगढ़ आए हैं। उनके कृषि ज्ञान और कौशल ने छत्तीसगढ़ की मदद की, जबकि खनन में उनके अनुभव ने राज्य में खनन उद्योग के विकास में मदद की। इसके अलावा, ओडिशा के नागरिकों ने अपने अनूठे त्योहारों, नृत्य रूपों और हस्तशिल्प से छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विविधता को समृद्ध किया है।डेका ने अरूणाचल प्रदेश की विशेषताओं का जिक्र किया और कहा कि अरूणाचल प्रदेश की संस्कृति विशिष्ट है क्योंकि इसमे 26 विभिन्न जनजातियों सहित 100 से अधिक उप जातियों की संस्कृतियां समाहित है। प्रत्येक जनजाति अपनी-अपनी परंपराओं और रीति रिवाजों का पालन करती। यहां हिन्दू, बौद्ध, ईसाई समुदाय के लोग भी मिलजुल कर रहते है। उन्होंने कहा कि अरूणाचल प्रदेश को पारंपरिक शिल्प कौशल का उपहार प्राप्त है, जो पीढ़ी दर पीढ़ी हस्तांतरित होता रहा है।कार्यक्रम में उपस्थित इन राज्यों के बच्चों एवं युवाओं ने अपने राज्य की संस्कृति एवं लोक परंपरा आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। ओडिया नृत्य, घूमर एवं अन्य राजस्थानी लोक नृत्य सहित अरूणाचल प्रदेश के जीवंत नृत्य ने दर्शकों का मन मोह लिया।ओडिशा राज्य के प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित विधायक पुरंदर मिश्रा, राजस्थान के प्रतिनिधि महेन्द्र धाड़ीवाल और अरूणाचल प्रदेश की प्रतिनिधि सुश्री वन्नाहंकु ने राज्यपाल को अपने राज्य की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

# जल एवं तालाब संरक्षण हेतु ग्रीनआर्मी ने महापौर व सभापति से की सार्थक भेंट,सौंपा ज्ञापन

**विजय मत, रायपुर।**



रायपुर शहर के महत्वपूर्ण जल स्त्रोतों और ऐतिहासिक तालाबों के संरक्षण के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता को दोहराते हुए, ग्रीन आर्मी के एक सक्रिय दल ने आज महापौर श्रीमती मीनल चौबे एवं सभापति से सौहार्दपूर्ण मुलाकात की। इस महत्वपूर्ण भेंट के दौरान, टीम ने शहर के लगभग 150 तालाबों की वर्तमान स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में इन जीवनदायिनी जल निकायों के गहरीकरण, वैज्ञानिक जल शुद्धिकरण, उनके चारों ओर व्याप्त अवैध अतिक्रमणों को प्राथमिकता से हटाने, नियमित और प्रभावी सफाई सुनिश्चित करने, और सबसे महत्वपूर्ण रूप से, शहर की नालियों के दूषित जल को इन तालाबों में सीधे जाने से रोकने के लिए ठोस और दीर्घकालिक उपायों की आवश्यकता पर बल दिया गया।ग्रीन आर्मी के प्रदेश अध्यक्ष अमिताभ दुबे ने महापौर को शहर के कुछ प्रमुख और ऐतिहासिक तालाबों, जिनमें बूढ़ा तालाब, महाराज बंध तालाब, शीतला तालाब, गजराज बांध तालाब, राजा तालाब एवं सरजू बांध तालाब प्रमुख हैं, की वर्तमान दयनीय स्थिति से व्यक्तिगत रूप से अवगत कराया। उन्होंने इन महत्वपूर्ण जल निकायों के पारिस्थितिकीय और सामाजिक महत्व को रेखांकित करते हुए इन्हें बचाने के लिए त्वरित और प्रभावी कार्रवाई करने की पुरजोर अपील की इन तालाबों के ऐतिहासिक महत्व और शहर की जल प्रदाय में योगदान पर भी प्रकाश डाला।इस अवसर पर ग्रीन आर्मी के 50 समर्पित सदस्यों के एक प्रतिनिधिमंडल ने महापौर एवं सभापति के साथ रायपुर शहर की गंभीर जल समस्या, पर्यावरण के लिए खतरा बन चुके सिंगल यूज प्लास्टिक के व्यापक उपयोग, बढ़ते प्रदूषण के स्तर, प्रभावी कचरा प्रबंधन की आवश्यकता, वर्षा जल संचयन (वाटर हार्वेस्टिंग) की अनिवार्यता, शहर को हरा-भरा बनाए रखने के लिए व्यापक वृक्षारोपण अभियान, और समग्र रूप से पर्यावरण से जुड़े अन्य ज्वलंत विषयों पर गहन और रचनात्मक चर्चा की। टीम ने इन चुनौतियों से निपटने के लिए अपने व्यावहारिक सुझावों सेभी अवगत कराया।

# अनियमित कर्मचारियों ने सरकार पर लगाया अनदेखी का आरोप, जंगी प्रदर्शन आज

### सीएम हाउस का घेराव करेंगे अनियमित कर्मचारी

**विजय मत, रायपुर।**




छत्तीसगढ़ प्रदेश के शासकीय कार्यालयों में कार्यरत अनियमित कर्मचारियों के (1) नियमितीकरण/स्थायीकरण, (2) निकाले गए कर्मचारियों की बहाली, (3) न्यून मानदेय कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन दिए जाने, (4) अंशकालीन कर्मचारियों को पूर्णकालीन करने, (5) आउट सोर्सिंग/ठेका/सेवा प्रदाता/समूह-समिति के माध्यम से नियोजन सिस्टम बंद करने को लेकर अनियमित कर्मचारी 13 अप्रैल 2025 रविवार को तुता नवा रायपुर में जंगी प्रदर्शन एवं मुख्यमंत्री निवास घेराव करेगा `भारतीय जनता पार्टी जब विपक्ष में थे तो उनके अनेक वरिष्ठ नेता/जनप्रतिनिधियों ने हमारे मंच में आकर हमारी समस्याओं को सुना एवं अनियमित कर्मचारियों की समस्याओं को भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने पर इनका यथाशीघ्र निराकरण करने की बात कही थी तथा छत्तीसगढ़ के लिए मोदी की गारंटी 2023 पत्र के वचनब सुशासन अंतर्गत बिंदु क्र. 2 में एक कमिटी गठित कर कमेटी में अनियमित कर्मचारियों को सम्मिलित करते हुए समीक्षात्मक प्रक्रिया प्रारंभ करने का उल्लेख किया है लेकिन कमेटी गठन आदेश अनियमित कर्मचारियों का कोई उल्लेख नहीं होने एवं कमिटी में अनियमित संघो के पदाधिकारियों को सम्मिलित नहीं करने से विरोधाभाष है।सरकार इन 1.5 वर्ष वर्षों में अनियमित कर्मचारियों के कुछ नहीं कियो वादा के विपरीत अनियमित कर्मचारियों की छटनी की जा रही है, अनेक विभागों में वेतन लंबित है, संविदा वेतन अनुसार वेतन नहीं दिया जा रहा है, न्यूनतम वेतन में विगत 8 वर्षों से वृद्धि नहीं की गई है, अनेक विभाग में श्रम सम्मान राशी नहीं दी जा रही है।

# चोरी की 4 वारदातों का खुलासा, साढ़े 6 लाख का माल हुआ जब्त

**विजय मत, रायपुर।**



चोरी की 4 वारदातों का पुलिस ने खुलासा किया है, दुष्यंत वर्मा ने थाना मंदिर हसौद में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह ग्राम तुलसी गैलेक्सी न्यू टाऊन 02 रिंग रोड नं. 03 थाना मंदिर हसौद में रहता है। दिनांक 13.03.2025 को प्रार्थी अपने घर में ताला लगाकर सपरिवार होली त्यौहार मनाने अपने गृह ग्राम सिलयारी गया था। इसी दौरान कोई अज्ञात चोर प्रार्थी के सूने मकान का ताला तोड़कर कमरे अंदर प्रवेश कर आलमारी का ताला तोड़कर आलमारी में रखें सोने एवं चांदी के जेवरात तथा अन्य सामान को चोरी कर ले गया था। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना मंदिर हसौद में अपराध क्रमांक 104/25 धारा 331(4), 305, 3(5) बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध किया गया। अज्ञात चोर प्रार्थी नरेश क्षत्रीय निवासी मंदिर हसौद रायपुर के सूने मकान का ताला तोड़कर कमरे अंदर प्रवेश कर आलमारी का ताला तोड़कर आलमारी में रखें सोने एवं चांदी के जेवरात तथा नगदी रकम को चोरी कर ले गया था। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना मंदिर हसौद में अपराध क्रमांक 130/25 धारा 331(4), 305(ए) बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध किया गया। इसी प्रकार दिनांक 29-30.03.25 के मध्य कोई अज्ञात चोर प्रार्थी सूरज साहू के मंदिर हसौद क्षेत्रांतर्गत ग्राम दरबा के बजरंग चौक पास स्थित किराना स्टोर्स एवं जूता चप्पल दुकान का ताला तोडकर दुकान के गल्ला में रखें नगदी रकम को चोरी कर ले गया था।

प्रार्थी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना मंदिर हसौद में अपराध क्रमांक 129/25 धारा 331(4), 305(ए), 112(2), 3(5) बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध किया गया।

# छग के 6 लाख अनियमित कर्मचारियों को कब मिलेगा न्याय : डॉ. संदीप

**विजय मत, रायपुर।**




आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महासचिव, राज्यसभा सांसद और छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी डॉ. संदीप पाठक ने छत्तीसगढ़ कि भाजपा सरकार पर बेरोजगारी पर हमला बोलते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता जो बेरोजगारी की विकराल समस्या से जूझ रही है उसे रोजगार कब मिलेगा। इससे पहले की कांग्रेस की सरकार प्राइवेट लिमिटेड कंपनी बनकर रह गयी थी, जनता ने फिर भाजपा पर भरोसा कर भारी मतों से चुना लेकिन राज्य की सरकार जनता की उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पायी,किसी से पूँछ लो किसी को नहीं मालूम की सरकार कौन चला रहा है, सब भगवान भरोसे चल रहा है। राज्य में अभी तक 2 मंत्री का पद तक नहीं भर पाए।पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होने कहा कि किसी भी राज्य या देश में समृद्धि और सुख का मूल परिचायक रोजगार से होता है। पिछली सरकार में बेरोजगारी के आंकड़ों में खेल किया, आज प्रदेश में 1692824 बेरोजगार हैं, लगभग 17 लाख बेरोजगार हैं। 63000 शिक्षा विभाग में पद खाली है, 5500 स्कूल में 1 शिक्षक नहीं हैं,वहीं रायपुर में ही 27 स्कूल हैं जहाँ 1 ही शिक्षक हैं और 610 स्कूल हैं जहाँ शिक्षक ही नहीं हैं। छत्तीसगढ़ में 11 साल से शिक्षकों की वरिष्ठता की सूची नहीं निकाल पाए हैं। 8 वीं तक तो बच्चों को ग्रेस से पास करा दिया जाता है और 9वीं के बाद 90 प्रतिशत रिजल्ट लाने का प्राचार्यों पर दबाव रहता है, शिक्षा को राज्य में शिक्षा को मजाक बना कर रख दिया है। 10 मेडिकल कॉलेज में 642 असिस्टेंट प्रोफेसर की पोस्ट खाली हैं, 6 लाख अनियमित कर्मचारी हैं,उनका ईपीएफ तक नहीं काटा जा रहा है,इनके लिए सरकार के पास कोई प्रावधान नहीं है कि इनको नियमित कैसे किया जायेगा। लगभग हर सरकारी विभाग में पद रिक्त हैं। नगर सैनिक से अन्याय हो रहा है, बीएड, डीएड के लगभग 3000 लोग अभी भी प्रोटेस्ट कर रहें हैं नौकरी लगने के बाद उन्हें अनफिट कहा जा रहा है,पहले नौकरी दी, उन्हें अपग्रेड का मौका क्यों नहीं दिया।

# नारायण आर्टिफिशियल के बाद द्वारा विशाल नि:शुल्क कैम्प आज

**विजय मत, रायपुर।**




राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त एनजीओ नारायण सेवा संस्थान द्वारा छत्तीसगढ़ के दिव्यांगों के कल्याणार्थ विशाल नि:शुल्क शिविर का आयोजन रविवार को रायपुर के जैन दादा बाड़ी में आयोजित होगा। संस्थान के मीडिया एवं जनसंपर्क निदेशक भगवान प्रसाद गौड़ ने बताया कि ऐसे लोग जिन्होंने किसी हादसे में या अन्य बीमारी के चलते अपना हाथ-पैर गंवा देने से अंगविहिन हुए है अथवा पुराने भारी या ओल्ड तकनीक वाले कृत्रिम अंग के चलते दु:खभरी जिन्दगी जी रहे दिव्यांगों को सशक्त और आत्मनिर्भर जीवन प्रदान करने के लिए संस्थान प्रतिबद्ध है। पदमश्री अलंकृत संस्थापक कैलाश मानव जी की प्रेरणा से संस्थान विगत 40 वर्षों से संस्थान मानवता और दिव्यांगता के क्षेत्र में सेवारत है। छत्तीसगढ़ के दिव्यांगजनों को रायपुर में मदद पहुंचाने के भाव से विशाल नि:शुल्क दिव्यांगता निवारण ऑपरेशन चयन एवं नारायण लिम्ब मैजरमेंट शिविर जैन दादा बाड़ी में रविवार को प्रातः 8 बजे से सांय 5 बजे तक चलेगा। दिव्यांग बन्धुओं को संस्थान के अनुभवी विशेषज्ञ ओर्थोटिस्ट एवं प्रॉस्थेटिक डॉक्टर्स टीम द्वारा देखा जाएगा और उच्च गुणवत्ता युक्त और वजन में हल्के व टिकाऊ नारायण लिम्ब के लिए व्यवस्थित कास्टिंग कर लिम्ब का माप लिया जायेगा। इन दिव्यांगों को संस्थान लगभग दो माह बाद इनके मेजरमेन्ट के अनुसार मॉड्यूलर कृत्रिम अंग वितरण शिविर आयोजित कर नि:शुल्क फिटमेंट करेगा।

**खास खबर**

### अध्यक्ष नंदे साहू ने वित्त मंत्री को दी रायपुर विकास प्राधिकरण की गतिविधियों की जानकारी

# चुनौतियों का सामना कर आरडीए को अच्छी स्थिति में पहुंचाएंगे: चौधरी

**विजय मत, रायपुर।**






रायपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष पद पर आज नन्द कुमार साहू ने छठवें अशासकीय अध्यक्ष के रुप में कार्यभार संभाल लिया। इसके पूर्व उन्होंने अपने कक्ष में पूजा-अर्चना की गई। इस मौके पर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव, आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओ.पी. चौधरी, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मूणत,विधायक सुनील कुमार सोनी, रायपुर उत्तर के विधायक पुरन्दर मिश्रा, धरसींवा के विधायक अनुज शर्मा, छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार क्ल्याण मंडल के अध्यक्ष राम प्रताप सिंह छत्तीसगढ़ नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, छत्तीसगढ़ स्टेट इंडस्ट्रीयल डेवलेपमेंट कार्पोरेशन लिमिटिड के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, छत्तीसगढ़ नि:शक्तजन वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष लोकेश कावडिया, छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज छत्तीसगढ़ राज्य तेलघानी विकास बोर्ड के अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार साहू, छत्तीसगढ़ लौहशिल्पकार विकास बोर्ड के अध्यक्ष प्रफुल्ल विश्वकर्मा, छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा, नगर पालिक निगम रायपुर के सभापति सूर्यकांत राठौर, रायपुर विकास प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष श्याम बैस, पूर्व उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, नगर निगम रायपुर के की पार्षद और पूर्व पार्षद सहित कई पदाधिकारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।इस अवसर पर प्राधिकरण की अतिरिक्त सीईओ श्रीमती शिम्मी नाहिद सहित कई अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

### आरडीए के माध्यम से रायपुर की विकास योजनाओं को आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे

कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से चर्चा में आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओ. पी. चौधरी ने कहा कि आज से हम नन्दकुमार साहू के नेतृत्व में हम आरडीए के माध्यम से रायपुर की विकास योजनाओं को आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे। तमाम चुनौतियों का सामना करने के बाद भी हम आरडीए को एक अच्छी स्थिति में पहुंचाएंगे। कार्यक्रम में रायपुर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कुन्दन कुमार ने स्वागत भाषण दिया तथा प्राधिकरण की गतिविधियों की जानकारी दी। कार्यक्रम के बाद सैकड़ों लोगों ने नन्द कुमार साहू को माला पहना कर स्वागत किया।

संस्थापक
श्री रामसिपाही शुक्ल

# वर्तमान वैश्विक पटल पर भारत के लिए आपदा में अवसर हैं

**प्रहलाद सबनानी**

अमेरिका ने अन्य देशों से अमेरिका में होने वाली आयातित उत्पादों पर भारी भरकम टैरिफ लगाकर विश्व के लगभग समस्त देशों के विरुद्द एक तरह से व्यापार युद्ध छेड़ दिया है। इससे यह आभास हो रहा है आगे आने वाले समय में विभिन्न देशों के बीच सापेक्ष युद्ध न होकर व्यापार युद्ध होने लगेगा। चीन से अमेरिका को होने वाले विभिन्न उत्पादों के निर्यात पर तो अमेरिका ने 145 प्रतिशत का टैरिफ लगा दिया है। एक तरह से अमेरिका की ओर से चीन को यह खुली चुनौती है कि अब अपने उत्पादों को अमेरिका में निर्यात कर के बताए। 145 प्रतिशत के आयात कर पर कौन सा देश अमेरिका को अपने उत्पादों का निर्यात कर पाएगा, यह लगभग असम्भव है। इससे चीन की अर्थव्यस्था छिन्न भिन्न हो सकती है, यदि चीन, अमेरिका के स्थान पर विश्व के अन्य देशों को अपने उत्पादों का निर्यात नहीं बढ़ा पाया। बगैर प्रत्यक्ष युद्ध किए, अमेरिका ने चीन पर एक तरह से विजय ही प्राप्त कर ली है और चीन की अर्थव्यवस्था को भारी नुक्सान करने के रास्ते खोल दिए हैं, हालांकि अमेरिकी अर्थव्यवस्था भी विपरीत रूप से प्रभावित हुए बिना नहीं रहेगी। परंतु, ट्रम्प प्रशासन ने विश्व के 75 देशों पर लागू किए गए टैरिफ को 90 दिनों के लिए स्थगित कर दिया है। इससे अमेरिका की अर्थव्यवस्था पर अन्यथा होने वाले विपरीत प्रभाव को बहुत बड़ी हद्द तक कम कर लिए गया है। अमेरिका संभवत चाहता है कि आर्थिक मोर्चे पर चीन पर इतना दबाव बढ़ाया जाए कि चीन की जनता चीन के वर्तमान सत्ताधरियों के विरुद्ध उठ खड़ी हो और चीन एक तरह से टूट जाए। अमेरिका ने लगभग इसी प्रकार का दबाव बनाकर सोवियत रूस को भी तोड़ दिया था। यहां, भारत के लिए अवसर निर्मित हो सकते हैं क्योंकि भारत में हाल ही के समय में सुरक्षा के क्षेत्र में उत्पादों की नई एवं भारी मात्रा में उत्पादन क्षमता निर्मित हुई है। भारत आज सुरक्षा के क्षेत्र में तेजी से न केवल आत्म निर्भर हो रहा है बल्कि भारी मात्रा में उत्पादों का निर्यात भी करने लगा है। आज सिंगापुर जैसे विकसित देश भी भारत से सुरक्षा उत्पाद खरीदने हेतु करार करने की ओर आगे बढ़ रहे हैं। यदि यूरोपीयन देशों के साथ भारत की पटरी ठीक बैठ जाती है तो सुरक्षा के क्षेत्र में भारत के लिए अपार सम्भावनाएं मौजूद है। भारत, यूरोपीयन देशों के साथ सामूहिक तौर पर द्विपक्षीय व्यापार समझौता करने के प्रयास भी कर रहा है।



इसी प्रकार, आगे आने वाले समय में यदि चीन के निर्यात अमेरिका को कम होते हैं तो चीन से विनिर्माण इकाईयों का पलायन तेजी से प्रारम्भ होगा। संभवत इलेक्ट्रॉनिक क्षेत्र, टेक्स्टायल क्षेत्र, फार्मा क्षेत्र, सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र, प्रेशस मेटल के क्षेत्र में भारत के लिए अपार सम्भावनाएं बनती हुई दिखाई दे रही है, क्योंकि, उक्त समस्त क्षेत्रों से चीन, अमेरिका को भारी मात्रा में निर्यात करता है। अब 145 प्रतिशत के टैरिफ की दर पर चीन में निर्मित उत्पाद अमेरिका में नहीं बिक पाएंगे। अतः भारत के लिए इन समस्त क्षेत्रों में अपार सम्भावनाएं बनती हुई दिखाई दे रही हैं। टेक्स्टायल के क्षेत्र में तो वर्तमान में भारत के पास बहुत भारी मात्रा में उत्पादन क्षमता भी उपलब्ध है। टेक्स्टायल के क्षेत्र में भारत के पड़ौसी देश ही अधिक प्रतिस्पर्धी बने हुए हैं, जैसे बंगलादेश, पाकिस्तान, चीन, वियतनाम आदि। इस समस्त देशों पर अमेरिका द्वारा लगाई गई टैरिफ की दर, भारत की तुलना में कहीं अधिक है। अतः टेक्स्टायल के क्षेत्र में भारत में निर्मित विभिन्न उत्पाद तुलनात्मक रूप से अधिक प्रतिस्पर्धी बन गए हैं। इसका सीधा सीधा लाभ भारतीय टेक्स्टायल उद्योग द्वारा उठाया जा सकता है। इसी प्रकार, मोबाइल फोन का उत्पादन करने वाली विश्व की सबसे बड़ी कम्पनियों में से सैमसंग एवं ऐपल नामक कम्पनियां भारत में अपनी उत्पादन क्षमता में भारी भरकम वृद्धि करने के बारे में विचार कर रही हैं। वर्ष 2024 में भारत से 2040 करोड़ अमेरिकी डॉलर के मोबाइल फोन का निर्यात विभिन्न देशों को हुआ हैं, यह वर्ष 2023 में हुए निर्यात की राशि से 44 प्रतिशत अधिक है। और, मोबाइल फोन के निर्यात में हुई इस भारी भरकम वृद्धि में ऐपल एवं सैमसंग कम्पनियों का योगदान सबसे अधिक रहा है। केंद्र सरकार द्वारा लागू की गई उत्पादन प्रोत्साहन योजना का लाभ भी भारत में मोबाइल निर्माता कम्पनियों ने भारी मात्रा में उठाया है। भारत आज स्मार्ट मोबाइल के उत्पादन के क्षेत्र में पूरे विश्व में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। यदि वैश्विक स्तर पर परिस्थितियां इसी प्रकार बनी रहती हैं तो शीघ्र ही भारत मोबाइल उत्पादन के क्षेत्र में पूरे विश्व में प्रथम स्थान पर आ जाएगा।

अन्य क्षेत्रों में उत्पादन करने वाली बहुराष्ट्रीय बड़ी बड़ी कम्पनियां भी अपनी विनिर्माण इकाईयों को चीन से स्थानांतरित कर भारत में स्थापित कर सकती हैं। कोविड महामारी के खंडकाल के समय भी यह उम्मीद की जा रही थी और चीन+1 नीति का अनुपालन करने के सम्बंध में कई कम्पनियों ने घोषणा की थी परंतु उस समय पर कई कम्पनियां अपनी विनिर्माण इकाईयों को ताईवान, वियतनाम, एवं थाईलैंड, आदि जैसे छोटे छोटे देशों में ले गईं थी और इसका लाभ भारत को बहुत कम मिला था। परंतु, आज परिस्थितियां बहुत बदली हुई हैं। छोटे छोटे देशों में बहुत भारी मात्रा में उत्पादन करने वाली विनिर्माण इकाईयां स्थापित करने की बहुत सीमाएं हैं। इन देशों में श्रमबल की उपलब्धता सीमित मात्रा में है। जबकि भारत में इस दौरान आधारिक संरचना एवं मूलभूत सुविधाओं में अतुलनीय सुधार हुआ है और भारत में श्रमबल भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है।

आज जापान, इजराईल, ताईवान, रूस, जर्मनी, फ्रान्स, आस्ट्रेलिया आदि विकसित देश श्रमबल की कमी से जूझ रहे हैं। कई विकसित देशों में जनसंख्या वृद्धि दर लगभग शून्य के स्तर पर आ गई है। बल्कि, कुछ देशों में तो जनसंख्या में कमी होती हुई दिखाई दे रही है। दूसरे, इन देशों में प्रौढ़ नागरिकों की संख्या बड़ी तेजी से बढ़ती जा रही है और इन प्रौढ़ नागरिकों की देखभाल के लिए भी युवा नागरिकों की आवश्यकता है। अब कुछ देशों जैसे जापान, इजराईल, ताईवान आदि ने भारत सरकार से भारतीय नागरिकों के इन देशों में बसाने के बारे में विचार करने को कहा है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं)- साभार

> “कुल मिलाकर पूरे विश्व में विभिन्न देशों के बीच अब नए समीकरण बनते हुए दिखाई दे रहे हैं। यूरोपीयन यूनियन के समस्त सदस्य देश आपस में मिलकर अब अपनी सुरक्षा स्वयं करना चाहते हैं। अभी तक ये देश अमेरिका के सखा देश होने के चलते अपनी सुरक्षा के लिए अमेरिका पर निर्भर रहते थे। परंतु, वैश्विक स्तर पर बदली हुई परिस्थितियों के बीच इन देशों का अमेरिका पर विश्वास कम हुआ है एवं यह देश आपस में मिलकर अपनी स्वयं की सुरक्षा व्यवस्था खड़ी करना चाहते हैं। आगे आने वाले समय में यूरोपीयन यूनियन के समस्त देश अपने सुरक्षा बजट में भारी भरकम वृद्धि कर सकते हैं।”

# नर और नारी एक समान दरिंदों से सावधान

नर और नारी एक समान दरिंदो से सावधान रहिये क्योंकि ऐ एक गलत और क्राइम का विचार है जो किसी के लिए भी हो सकता है किसी भी देश का अपना इतिहास होता है,और अपनी परम्परा होती है। यदि देश को शरीर माने तो संस्कृति उसकी आत्मा है। किसी भी संस्कृति में आदर्श होते हैं, मूल्य होते हैं। इन मूल्यों की संवाहक संस्कृति होती है। अपराध क़ोई भी करे वो अपराध ही है चाहे वो पुरुष करे या महिला, पंडित राम कृष्ण शर्मा आचार्य कहते हैं नर और नारी आप बदलोगे तो विचार बदलेगा आपके संस्कार मिडिया ना तो किसी की वकालत करती है ना क़ोई भ्रम फैलाती है वो जो कहती है उसके आधार होता है तथ्यों पर आधारित होता है और उसके कोर्ट के भी सबूत रहते हैं बहुत से घटना तो उजागर होता ही नहीं बहुत पहले मेरा एक मित्र था जो किसी सरकारी संस्थान में टेक्निकल पद पर था और उसकी पत्नी मैट्रिक पास उसने उसको पढ़ाया बीऐड कराया और टीचर में नौकरी मिली और मुझे उसकी खुशी में ऐसा लगा कि वो अपनी खुशी जाहिर कर रहा है लेकिन बाद में टीचर की नौकरी के बाद उसने अपने पति पर बात बात में गुस्सा करने लगी और उसका किसी और के साथ सम्बन्ध बन गया और तलाक ले ली वो बन्दा इतने सदमे में चला गया जैसे लगा उससे सब कुछ छीन गया और रोने लगा और ड्रप्रेस हो गया पत्नी छोड़ कर भाग गई एक उसका बच्चा भी था उसे भी अपने पास रख लिया वह अकेले ही रहने लगा एक दो बार आत्महत्या की कोशिश भी की और असफल रहा मैंने उसे समझाया देखो ऐ दुनिया मतलबी है तुम अपना जीवन क्यों बर्बाद कर रहें हो तुम भी शादी कर एक नए जीवन की शुरुआत करो और मस्त रहो जो जैसा करे तुम भी वैसा करो मोह छोड़ो तुम्हारे पास दो ही रास्ता है या तो सबकुछ छोड़ कर भगवान के ध्यान में लीन हो जाओ या फिर संस्कार की चिंता है तो ताली दोनों हाथ से बजनी चाहिए घर एक बार टूट गया है तो दोबारा बसा सकते हो बस उसका नाम अपने दिमाग़ से मिटा दो और दूसरी शादी कर किसी गरीब लड़की को अपना लों और घर बस जायेगा लेकिन उसके दिमाग़ में उसका भूत सवार था जब तक मैं वहाँ था।

**नोट**

सम्पादकीय पृष्ठ पर प्रकाशित लेख-आलेख एवं विचार लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं अतः यह जरूरी नहीं है कि विजय मत समूह उपरोक्त लेख या विचारों से सहमत हो। किसी लेख से जुड़े सभी दावे या आपत्ति के लिए सिर्फ लेखक ही जिम्मेदार हैं।

# बैसाखी के दिन का उत्सव कृषि, समाज व धर्म के संगम का प्रतीक है

**किशन सनमुखदास भावनानी**

वैश्विक स्तरपर भारत सर्वधर्म समभाव का सटीक प्रतीक माना जाता है, क्योंकि यहां हर धर्म के त्योहारों का आनंद सब मिलकर लेते हैं, जो विदेशी सैलानी भी लेने आते हैं, व पूर्ण रूप से प्रभावित व संतुष्ट होकर जाते हैं। अभी हमने कुछ दोनों पूर्व ही महाकुंभ उत्सव चेट्रीचंड्र, ईद, रामनवमी का उत्साह देखे हैं जो अलग-अलग जाति धर्म समाज़ों के त्यौहार है, परंतु हमने देखे कि इन्हें सभी ने मिलकर मनाया, जो हमारी सामाजिक और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है, इसी कड़ी में 13 अप्रैल 2025 को एक और अध्याय जुड़ गया है, क्योंकि इसदिन पूरा भारत विशेष रूप से पंजाब हरियाणा उत्तरप्रदेश उत्तराखंड हिमाचल प्रदेश जम्मू कश्मीर सहित अनेको राज्यों में मनाया जा रहाहै।हमारी राईसिटी गोंदिया में भी बड़े धूमधाम से,बैसाखी पर्व कोमनाया जाता है, इस दिन मैं स्वयं भी गुरुद्वारे जाकर दर्शन लाभ उठाता हूं, अमृत वेले प्रभातीवेले से ही प्रभात फेरी सहित अनेकों कार्यक्रम शुरू हो जाते हैं, जहां भक्तों के भाव देखकर मैं भी भावभोर हो जाता हूं। हालांकि यह विशेष रूप से सिख समाज व किसानों के ही त्यौहार है, परंतु इसे मनाता सारा मानव समाज है। चूँकि बैसाखी उत्सव, समाज और धर्म के संगम का प्रतीक है, इसलिए आज हम मीडिया उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, बैसाखी पर्व 13 अप्रैल 2025, खुशहाली और समृद्धि का प्रतीक है, खालसा पंथ की स्थापना व नई फसल कटाई की शुरुआत का प्रतीक है तथा बैसाखी के दिन गुरुद्वारोंमें विशेष पूजा अर्चना, अरदास, भजनकीर्तन व प्रभात फेरी कणाह प्रसाद है का अत्यधिक विशेष महत्व है।




खीर, शरबत आदि पकवान बनाए जाते हैं, इस दिन शाम के समय घर के बाहर लकड़ियां जलाई जाती हैं, जलती हुई लकड़ियों का घेरा बनाकर गिद्दा और भांगड़ा कर अपनी प्रसन्नता जाहिर करते हैं। लोग गले लगकर एक दूसरे को बैसाखी की शुभकामनाएं देते हैं।बता दें बैसाखी के समय आकाश में विशाखा नक्षत्र होता है विशाखा नक्षत्र पूर्णिमा में होने के कारण इस माह को बैसाख कहते हैं, वैशाख माह के पहले दिन को बैसाखी कहा गया है। इस दिन सूर्य मेष राशि में गोचर करते हैं जिस कारण इसे मेष संक्रांति के नाम से भी जाना जाता है। बैसाखी को पोइला, बौइशाख, विशु, और बीहू जैसे नामों से भी जाना जाता है। बैसाखी सिखों का महत्वपूर्ण त्योहार है।1699 में इसी दिन गुरु गोबिंद सिंह जी ने खालसा पंथ की स्थापना की थी। मान्यतानुसार इस पंथ की स्थापना का लक्ष्य धर्म और नेकी के रास्ते पर चलना और उसका पालन करना था। किसान अपनी फसल काटने की खुशी में यह त्योहार मनाते हैं तो वहीं पंजाब में इस दिन गिद्दा-भांगड़ा किया जाता है, इस दिन को सिक्खों के नए साल के रूप में भी मनाया जाता। इस दिन नगर कीर्तन निकाले जाते हैं और समाज में भाईचारे का संदेश दिया जाता है। इसके अलावा, लोग इस दिन नई फसल के आगमन की खुशी में एक-दूसरे को शुभकामनाएं देते हैं और पारंपरिक गीत गाते हैं।

साथियों बात अगर हम बैसाखी उत्सव पर्व के महत्व की करें तो, बैसाखी का पर्व सिख धर्म में विशेष धार्मिक महत्व रखता है। यह दिन सिखों के दसवें गुरु, गुरु गोबिंद सिंह जी द्वारा खालसा पंथ की स्थापना का प्रतीक है। गुरु जी ने इस दिन सभी जातिगत भेदभावों को समाप्त कर दिया था और एकता का संदेश दिया था। यह पर्व सिखों के लिए एक नया अध्याय, एक नई शुरुआत और धार्मिक सिद्धांतों के पालन का दिन है। गुरु गोबिंद सिंह जी के नेतृत्व में खालसा पंथ की स्थापना ने समाज को एकजुट करने के लिए एक मजबूत कदम उठाया था। बैसाखी पर सिख धर्मावलंबी गुरुद्वारों में विशेष पूजा और अरदास करते हैं। इस दिन विशेष रूप से गुरुद्वारों में भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाता है और नगर कीर्तन की परंपरा निभाई जाती है। लोग इस दिन को अपने पवित्र कर्तव्यों को याद करने, गुरु के बताए मार्ग पर चलने और धर्म के प्रति अपनी आस्था को और गहरा करने का अवसर मानते हैं। बैसाखी का पर्व सिख धर्म के लिए एक समय होता है जब वे अपने गुरु की शिक्षा औरखालसा पंथ के महत्व को मानते हुए एकजुट होते हैं और समाज में शांति, भाईचारे और समानता का प्रचार करते हैं।बैसाखी का पर्व भारतीय समाज में एक सांस्कृतिक धरोहर के रूप में मनाया जाता है।यह पर्व विशेष रूप से कृषि प्रधानसमाज के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि बैसाखी के दिन नई फसल की कटाई होती है। किसानों के लिए यह दिन खुशहाली और समृद्धि का प्रतीक होता है,क्योंकि उन्हें अपनीमेहनत का फल मिल रहा होता है। खासकर पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश शहर अनेक प्रदेशों में यह पर्व बहुत धूमधाम से मनाया जाता है। इस दिन को किसान अपनी नई फसल की खुशहाली के रूप में मनाते हैं, और पारंपरिक तरीके से खेतों में काम करते हुए ढेर सारी खुशियां मनाते हैं। समाज के लोग एक साथ मिलकर नृत्य, संगीत और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करते हैं। पंजाब में भांगड़ा और गिद्दा जैसे पारंपरिक नृत्य होते हैं, जो न केवल आनंद का स्रोत होते हैं, बल्कि एकता और भाईचारे को भी बढ़ावा देते हैं। यह दिन अपने आप में खुशी और एकजुटता का प्रतीक होता है,जब लोग एक- दूसरे के साथ मिलकर खुशी बांटते हैं और जीवन के नए चक्र की शुरुआत का स्वागत करते हैं। सिख समुदाय के लोगों के बीच बैसाखी का धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व है। वे इस त्योहार को बेहद खुशी और आनंद के साथ मनाते हैं। यह त्योहार पंजाबी नए साल की शुरुआत का प्रतीक है, बैसाखी के पर्व को पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया जाता है. बैसाखी फसल, नई शुरुआत और सिख समुदाय की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का उत्सव है. इस महीने में रबी की फसल पककर पूरी तरह से तैयार हो जाती है और उनकी कटाई भी शुरू हो जाती है, इसीलिए बैसाखी को फसल पकने और सिख धर्म की स्थापना के रूप में मनाया जाता है। साथियों बात अगर हम बैसाखी के इतिहास की करें तो, बैसाखी का इतिहास 30 मार्च, 1699 को सिखों के दसवें गुरु, गुरु गोबिंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना की थी।

(यह लेखक के निजी विचार हैं)- साभार

> “साथियों बात अगर हम भारत में बैसाखी पर्व मनाए जाने की करें तो, बैसाखी के पर्व को वैसाखी के नाम से भी जाना जाता है।बैसाखी का त्योहार पूरे हर्षोल्लास के साथ करीब करीब पूरे भारत में मनाया जाता है। हर साल बैसाखी 13 या 14 अप्रैल को ही मनाया जाता है, हर वर्ष बैसाखी के दिन सूर्य मेष राशि में करते हैं। बैसाखी के त्योहार से पंजाब और हरियाणा के क्षेत्रों में फसलों की कटाई शुरू हो जाती है। बैसाखी के पर्व को वैसाखी के नाम से भी जाना जाता है, और इस साल यह पर्व 13 अप्रैल को ही मनाया जा रहा है।बैसाखी के दिन गुरुद्वारों को सजाया जाता है। सिख समुदाय के लोग गुरुवाणी सुनते हैं,घरों में भी लोग इस दिन विशेष पूजा-अर्चना करते हैं।”

# राणा के बहाने पाकिस्तान का पूरा आतंकी सच उजागर हो

**ललित गर्ग**

मुंबई में भीषण, खौफनाक एवं दर्दनाक आतंकी हमले की साजिश रचने और उसे अंजाम देने में सक्रिय रूप से शामिल रहने वाले पाकिस्तान मूल के कनाडाई नागरिक तहव्वुर हुसैन राणा को अमेरिका से भारत लाया जाना किसी उपलब्धि से कम नहीं है, यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कूटनीतिक जीत एवं भारत की कानून की बड़ी सफलता है। लगभग 170 लोगों की दर्दनाक मौत, क्रूरता एवं अमानवीयता का डरावना मंजर एवं देशवासियों की आंखों को गमगीन करने वाले इस आतंकी हमले के मास्टरमाइंड राणा का अमेरिका से प्रत्यर्पण भारत के लिये एक उजली किरण बनकर प्रस्तुत हुई है। 26-11-2008 एक ऐसी डरावनी तारीख है जिसे याद करके देशवासी सिहर जाते हैं। दहशत की तस्वीरें आंखों के सामने आ जाती हैं। यह तारीख मुम्बई के पुराने घाव को न केवल कुरेदती है बल्कि टीस भी पैदा करती है कि 150 करोड़ का यह देश अब तक क्यों नहीं राणा का प्रत्यर्पण कराकर उसे दर्दनाक सजा दे पाया। अब राणा के भारत के शिकंजे में आ जाने से 26-11 के घावों पर कुछ मरहम लगेगा क्योंकि मुम्बई एवं देश आज भी जख्मों का हिसाब मांगती है। देर आये दुरस्त आये की कहावत को चरितार्थ करते हुए अब देश का खतरनाक दुश्मन हाथ आ गया है तो उसे ऐसी सजा दी जाये कि न केवल पाकिस्तान, पाकिस्तानी आतंकवादी संगठन एवं दुनिया में आतंक फैलाने वाले सहम जाये कि भविष्य में ऐसी घटना करने का दुस्साहस न कर सके। यह तो तय है कि राणा से पूछताछ में कई राज खुलेंगे, लेकिन यक्ष प्रश्न यह है कि क्या उसे फांसी की सजा देना संभव होगा? भारत सरकार को ऐसे कूटनीतिक एवं साहसिक प्रयत्न करने होंगे, जिससे उसे फांसी की सजा देना संभव हो सके और वह भी कम से कम समय में। मुंबई हमले के दौरान पकड़े गए आतंकी अजमल कसाब को सजा देने में चार साल लग गए थे। इतनी देरी राणा के मामले में नहीं होनी चाहिए। यह ऐसा मामला है, जिस पर देश के साथ दुनिया की भी निगाह होगी। राणा की सजा से ही भारत के न्यायतंत्र की त्वरता एवं तत्परता सामने आयेगी। क्योंकि खूंखार आतंकियों को सजा देने में देरी से आतंक से लड़ने की प्रतिबद्धता पर प्रश्नचिह्न टंकते है। 17 साल बाद आज भी महानगर मुम्बई की वह काली रात एवं गोलियों की गूंज से सब दहल उठते है, सहम जाते हैं।

(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार

## शब्द पहेली - 8335

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | 2 | | | 3 | | |
| | | | | | 4 | | | 5 |
| 6 | | 7 | | 8 | | | | |
| | 9 | | 10 | | | | 11 | |
| 12 | | 13 | | | | 14 | | |
| 15 | | | | | 16 | | 17 | |
| | | 18 | | | | 19 | | |
| 20 | | | | | 21 | | | |
| | | | | 22 | | | | |

**बाएँ से दाएँ**

1. जंगल की आग-4
4. अयोग्य,नालायक-4
6. बंदर का खेल दिखाने वाला-3
8. तैयार होना-3
9. जीभ,जिव्हा-3
11. पाश,फंदा,-2
13. नामकरण करना-2,3
15. मेरा(सं.-2)
16. खाद्य सामग्री-3
18. तहत-3
19. कक्ष,रूम-3
20. भरोसा,विश्वास-4
22. सचेत,होशियार-4

**ऊपर से नीचे**

1. दागी,धब्बेवाला-4
2. गीलापन,तर होना-2
3. दुनिया,जगत-3
4. अदा,हाव-भाव-5
5. भरा हुआ-4
7. टपकना,गिरना-3
10. नाम रखना-5
12. एकमत-4
14. भक्षक,विनाशकारी-3
17. खारा,क्षारीय-4
18. वन,जंगल-3
21. लाश,मुर्दा,मृतक-4

**शब्द पहेली -8334 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | दा | चा | र | | स | त | ल | ज |
| ल | | य | ती | म | खा | ना | | हा |
| प | र | | | दा | | | चा | ल |
| ना | च | | क | री | ब | | ल | त |
| | ना | च | ना | | ला | ल | च | |
| आ | का | | त | ह | त | | ल | क |
| रा | र | | | सी | | | न | या |
| ध | | न | बी | न | त | म | | म |
| ना | म | व | र | | क | रा | मा | त |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**13 अप्रैल 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मीन में | मेष | 05.48 बजे से |
| चंद्र | तुला में | वृष | 07.28 बजे से |
| मंगल | कर्क में | मिथुन | 09.26 बजे से |
| बुध | मीन में | कर्क | 11.39 बजे से |
| गुरु | वृष में | सिंह | 13.55 बजे से |
| शुक्र | मीन में | कन्या | 16.07 बजे से |
| शनि | मीन में | तुला | 18.18 बजे से |
| राहु | मीन में | वृश्चिक | 20.33 ब.से |
| केतु | कन्या में | धनु | 22.49 बजे से |
| राहुकाल | | मकर | 00.54 बजे से |
| 4.30 से 6.00 | | कुंभ | 02.40 बजे से |
| बजे तक | | मीन | 04.13 बजे से |

**रविवार** 2025 वर्ष का 103 वा दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** बसंत। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** चैत्र **पक्ष** शुक्ल **तिथि** पूर्णिमा 05.52 बजे प्रातः को समाप्त। **नक्षत्र** चित्रा 21.11 बजे को समाप्त। **योग** हर्षण 21.39 बजे को समाप्त। **करण** बव 05.52 बजे तदनन्तर बालव 19.09 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 14.6 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 09° 04’ **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872313 **जूलियन दिन** 2460778.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** सव्वाल **तारीख** 14 **विशेष** ईस्टर।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| उद्वेग | 05.56 से 07.23 बजे तक | शुभ | 05.36 से 07.09 बजे तक |
| चर | 07.23 से 08.51 बजे तक | अमृत | 07.09 से 08.41 बजे तक |
| लाभ | 08.51 से 10.18 बजे तक | चर | 08.41 से 10.14 बजे तक |
| अमृत | 10.18 से 11.46 बजे तक | रोग | 10.14 से 11.46 बजे तक |
| काल | 11.46 से 01.14 बजे तक | काल | 11.46 से 01.19 बजे तक |
| शुभ | 01.14 से 02.41 बजे तक | लाभ | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| रोग | 02.41 से 04.09 बजे तक | उद्वेग | 02.51 से 04.24 बजे तक |
| उद्वेग | 04.09 से 05.36 बजे तक | शुभ | 04.24 से 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ**- **शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता पंकज चतुर्वेदी ने लाडली बहना योजना को लेकर प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक के बयान पर दी प्रतिक्रिया

# लाडली बहना योजना पर दुष्प्रचार करती रही है कांग्रेस: पंकज चतुर्वेदी

**विजय मत, भोपाल**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता पंकज चतुर्वेदी ने लाडली बहना योजना को लेकर प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक के बयान को दुर्भाग्यपूर्ण और झूठ का पुलिंदा बताया है। उन्होंने कहा कि लाडली बहना योजना अपनी शुरुआत के समय से ही कांग्रेसियों की आंखों में खटकती रही है और वे इसके खिलाफ लगातार दुष्प्रचार कर रहे हैं।

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता पंकज चतुर्वेदी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी चुनावी हथकंडों पर नहीं, बल्कि जनहित की योजनाओं पर विश्वास करती है। मध्यप्रदेश ही नहीं, बल्कि देश के अन्य राज्यों में भी भारतीय जनता पार्टी ने जनता से जो भी वादे किए हैं, उन्हें पूरा किया है। दूसरी तरफ कांग्रेस पार्टी सिर्फ झूठे वादों पर विश्वास करती है। कांग्रेस पार्टी अपने झूठे वादों से मध्यप्रदेश की जनता और भोले-भाले किसानों को ठग चुकी है। इसके अलावा कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश में भी उसने जनता से जो वादे किए थे, उनके पूरे होने का जनता अभी भी इंतजार कर रही है।



भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता पंकज चतुर्वेदी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी नारी शक्ति के सशक्तीकरण के लिए संकल्पित है। चाहे नारी शक्ति वंदन अधिनियम हो, ट्रिपल तलाक विरोधी कानून हो, या फिर लखपति दीदी, उज्ज्वला और ड्रोन दीदी जैसी योजनाएं हों, ये सभी माता-बहनों की बेहतरी तथा उनके सशक्तीकरण के लिए लागू की गई हैं। लाडली बहना योजना भी ऐसी ही एक योजना है, लेकिन दुर्भाग्य से इस योजना की लोकप्रियता से घबराई कांग्रेस पार्टी लगातार इसके खिलाफ दुष्प्रचार कर ही है। पहले कांग्रेस ने यह कहकर माता-बहनों को बरगलाने की कोशिश की, कि यह योजना चुनाव के बाद बंद हो जाएगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। फिर कांग्रेस पार्टी ने कहा कि भाजपा की सरकार इस योजना को लंबे समय चला नहीं पाएगी, लेकिन योजना लागू हुए दो साल से अधिक समय हो चुका है और यह योजना बराबर चल रही है। यही नहीं, बल्कि देश के अन्य राज्य भी मध्यप्रदेश से शुरू हुई इस योजना का अनुसरण कर रहे हैं। चतुर्वेदी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को चाहिए कि इस योजना और भाजपा सरकार की नीयत पर सवाल उठाने की बजाय अपने गिरेबान में झांके और उन पापों का प्रायश्चित करें, जो उसके नेताओं ने नारीशक्ति को अपमानित करके किए हैं।

# डॉ. अंबेडकर जी की जयंती पर प्रदेश भर में आयोजित होंगे कार्यक्रम

- उत्साहपूर्वक मनाई जाएगी बाबा साहब की जयंती
- बाबा साहब की प्रतिमाओं की सफाई कर मनेगा दीपोत्सव

**विजय मत, भोपाल**

भारतीय जनता पार्टी 14 अप्रैल को बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती को प्रदेश भर में उत्साहपूर्वक मनाएगी। भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के एक दिन पूर्व 13 अप्रैल को उनकी प्रतिमाओं की सफाई कर संध्या के समय दीपोत्सव मनाया जाएगा और कार्यकर्ता 14 अप्रैल को बाबा साहब की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित कर मिष्ठान्न वितरण के साथ ही संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ भी करेंगे।

आंगनवाड़ी केन्द्रों और अनुसूचित जाति बस्तियों के स्कूलों में परिसर की सफाई, पेयजल व अन्य सामुदायिक सुविधाओं का रखरखाव किया जाएगा। 15 से 25 अप्रैल के बीच समाज के विभिन्न वर्गों के समाज प्रमुखों के साथ जिला स्तरीय संगोष्ठी आयोजित कर कांग्रेस द्वारा किए गए बाबा साहब के अपमान व भाजपा द्वारा उन्हें दिए जा रहे सम्मान और जिस तरह से कांग्रेस ने संविधान से खिलवाड़ किया तथा भाजपा ने संविधान के प्रति जो सम्मान प्रदर्शित किया है, उस पर चर्चा की जाएगी।

## न्यूज इन शॉर्ट

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्रीमती भंवर उपाध्याय के निधन पर शोक व्यक्त किया

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल के वरिष्ठ पत्रकार अनुराग उपाध्याय की माताजी श्रीमती भंवर उपाध्याय के निधन पर शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए बाबा महाकाल से पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने एवं शोकाकुल परिजन को असीम दु:ख की इस घड़ी में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की है।

### रविंद्र भवन के आसपास फ्लाइंग ऑब्जेक्ट पर प्रतिबंध, भोपाल में केंद्रीय गृह मंत्री के प्रस्तावित दौरे को देखते हुए पुलिस कमिश्नर ने आदेश जारी किए

**भोपाल।** भोपाल में रविवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का दौरा प्रस्तावित है। इसे देखते हुए रविंद्र भवन और आसपास के पांच किलो मीटर के दायरे में ड्रोन, पैराग्लाईडर, हॉट बैलून, अन्य फ्लाइंग ऑबजेक्ट उड़ानों पर रविवार की सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। पुलिस कमिश्नर हरीनारायणचारी मिश्रा ने यह आदेश शनिवार की दोपहर जारी किए हैं। जानकारी के मुताबिक गृहमंत्री अमित शाह को जेड+सुरक्षा दर्जा के साथ सीआरपीएफ सुरक्षा कवर प्राप्त है। उनके भोपाल में भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। उनकी जेड+ सुरक्षा को देखते हुए रविंद्र भवन भोपाल से 5 किलोमीटर की परिधि में ड्रोन, पैराग्लाईडर, हॉट बैलून, अन्य फ्लाइंग ऑबजेक्ट के उडने़ पर प्रतिबंध रहेगा। साथ ही कार्यक्रम स्थल के आसपास के पांच किलोमीटर एरिया को रेड जोन, नो फ्लाइंग जोन घोषित किया है। इस आदेश का उल्लंघन पाये जाने पर दोषी व्यक्ति के विरूद्ध नियमानुसार भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अंतर्गत वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। कॉमर्शियल फ्लाइट्स इस प्रतिबंधात्मक आदेश के पालन से मुक्त रहेंगी।

### मई के पहले सप्ताह में आ सकता है बोर्ड रिजल्ट, पूरा हो चुका कॉपी चैकिंग का 60 प्रतिशत काम

**भोपाल।** मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाएं सफलतापूर्वक संपन्न हो चुकी हैं। अब छात्र-छात्राएं बेसब्री से अपने परीक्षा परिणाम का इंतजार कर रहे हैं। इस बीच रिजल्ट को लेकर अहम जानकारी सामने आई है। बोर्ड के सचिव डॉ. कृष्ण देव त्रिपाठी ने बताया कि प्रदेशभर के 52 केंद्रों पर मूल्यांकन कार्य जारी है। अब तक 60 प्रतिशत कॉपियों की चैकिंग पूरी हो चुकी है। 25 अप्रैल तक शेष कार्य भी पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद रिजल्ट बनाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। उम्मीद है कि मई के पहले सप्ताह में रिजल्ट जारी कर दिया जाएगा। बता दें कि इस वर्ष हाईस्कूल (10वीं) परीक्षा 27 फरवरी से शुरू हुई थी। जिसमें पहला पेपर हिंदी का था। वहीं, हायर सेकेंडरी (12वीं) परीक्षा 24 फरवरी से शुरू हुई थी। दोनों परीक्षाएं सुबह 9 बजे से 12 बजे तक एक शिफ्ट में आयोजित की गई थीं। बोर्ड परीक्षा में इस बार कुल 16,60,252 छात्र शामिल हुए हैं। जिनमें कक्षा 10वीं में 9,53,777 और कक्षा 12वीं में 7,06,475 स्टूडेंट्स ने एग्जाम दी है। परीक्षा के लिए प्रदेशभर में कुल 3,887 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। अकेले भोपाल में ही 103 केंद्रों पर परीक्षा हुई थी।

### नर्सिंग-पैरामेडिकल का संचालन अब रीजनल यूनिवर्सिटी करेंगी, उच्च शिक्षा विभाग ने जारी किया आदेश

भोपाल (ईएमएस) । मध्यप्रदेश में नर्सिंग से जुड़ी हुई बड़ी खबर सामने आई है। नर्सिंग-पैरामेडिकल का संचालन अब रीजनल यूनिवर्सिटी करेंगी। अब मेडिकल यूनिवर्सिटी की जगह क्षेत्रीय यूनिवर्सिटी संचालन और मॉनिटरिंग करेंगी। उच्च शिक्षा विभाग ने आदेश जारी किया है। नर्सिंग कॉलेज में हुई गड़बड़ी को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। प्रवेश परीक्षा से लेकर काउंसलिंग और कक्षाओं के संचालन का वार्षिक कैलेंडर जारी किया गया। नवंबर से नर्सिंग की कक्षाएं शुरू होगी। 30 अप्रैल तक संबद्धता की जानकारी उच्च शिक्षा विभाग को देनी होगी। नर्सिंग एवं पैरामेडिकल संचालकों को 30 जुलाई तक कॉलेज को मान्यता देने की प्रक्रिया पूरी करनी के भी निर्देश है। 15 मई से 31 जुलाई 2025 तक काउंसलिंग प्रवेश प्रक्रिया पूरी करें।

आईआईआईडीईएम नई दिल्ली में मीडिया, सोशल मीडिया नोडल अधिकारियों और जिला जनसंपर्क अधिकारियों के लिए हुआ प्रशिक्षण कार्यक्रम

# डिजिटल मीडिया के दौर में पारदर्शी और सही समय पर दी गई जानकारी बहुत जरूरी: ज्ञानेश

**विजय मत, भोपाल**



भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम अंतर्गत आई आई आई डीईएम में मीडिया नोडल अधिकारियों, सोशल मीडिया नोडल अधिकारियों और जिला जनसंपर्क अधिकारियों के लिए एक दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बदलते मीडिया के बदलते दौर में चुनाव से जुड़े अधिकारियों को बेहतर तरीके से तैयार करना और उनके बीच बेहतर समन्वय बनाना था।

मुख्य चुनाव आयुक्त, भारत निर्वाचन आयोग ज्ञानेश कुमार ने कहा कि आज के डिजिटल मीडिया के दौर में पारदर्शी, सही और समय पर दी गई जानकारी बहुत जरूरी है, ताकि लोगों का चुनाव प्रक्रिया पर विश्वास बना रहे। उन्होंने कहा कि मीडिया नोडल अधिकारियों को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि जनता तक सही जानकारी पहुंचे और वे किसी भी तरह की अफवाहों या भ्रामक खबरों से प्रभावित न हों।

### चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों की जानकारी दी

कार्यक्रम में देश के 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों के अधिकारी शामिल हुए। इस ओरिएंटेशन के दौरान अधिकारियों को जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और 1951, निर्वाचन पंजीकरण नियम 1960, निर्वाचन संचालन नियम 1961 और चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों की जानकारी दी गई। यह भी बताया गया कि मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म्स के जरिए सही जानकारी कैसे फैलानी है, गलत सूचनाओं से कैसे निपटना है और मतदाताओं को कैसे जागरूक करना है।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नई दिल्ली स्थित इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट (आईआईआईडीईएम) में विगत दिनों हुए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय मध्यप्रदेश के मीडिया नोडल अधिकारी राजेश दाहिमा, सोशल मीडिया नोडल अधिकारी सुनील वर्मा और और जिला जनसंपर्क अधिकारी अरूण शर्मा शामिल हुए।

# मेहनत और ईमानदारी के साथ पढ़ाई करने पर सफलता आपके कदम चूमेगी: सिंह



- स्कूल शिक्षा मंत्री तेजस्वी कार्यक्रम में हुए शामिल

**विजय मत, भोपाल**

स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा है कि मेहनत और ईमानदारी के साथ समर्पित भाव से पढ़ाई करने पर सफलता आपके कदम चूमेगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में जो संसाधन इंटरनेट, मोबाइल उपलब्ध हैं, उनका अधिक से अधिक उपयोग रचनात्मक कामों में किया जाना चाहिये। मंत्री सिंह शुक्रवार को नरसिंहपुर जिले के तेंदूखेड़ा में स्कूल शिक्षा विभाग के तेजस्वी कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मंत्री सिंह ने 976 आयडिया'' पुस्तक का विमोचन किया।

मंत्री सिंह ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा की बेहतरी के लिये लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में सरकारी स्कूल के विद्यार्थी निजी स्कूल के विद्यार्थियों से बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। कक्षा-5वीं और 8वीं के हाल ही में घोषित रिजल्ट ने यह साबित करके दिखाया है। मंत्री सिंह ने कहा कि प्रदेश में नई शिक्षा नीति-2020 का बेहतर तरीके से क्रियान्वयन किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आजादी की 100वीं वर्षगाँठ पर विकसित भारत का सपना साकार होगा और इसमें युवाओं का योगदान सबसे ज्यादा रहेगा। कार्यक्रम को विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में बताया गया कि उद्यम विकास के आयडिया के लिये सीड मनी स्कीम'' में प्रदेश की 3764 टीमों ने भाग लिया।

# आज भोपाल आएंगे गृहमंत्री अमित शाह

वीआईपी रोड से रोशनपुरा तक ट्रैफिक रहेगा प्रतिबंधित, कई सडक़ों पर लागू होगा डायवर्शन

**विजय मत, भोपाल**



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह रविवार को भोपाल आएंगे। इसके चलते पुराने विमानतल से रविंद्र भवन तक और कार्यक्रम के दौरान शहर की कई प्रमुख सडक़ों पर ट्रैफिक प्रतिबंधित रहेगा। कई सडक़ों पर ट्रैफिक डायवर्ट रहेगा। रोशनपुरा, लालघाटी, वीआईपी रोड, पॉलिटेक्निक चौराहा जैसी व्यस्त सडक़ों पर प्रतिबंध और वैकल्पिक मार्गों का उपयोग सुनिश्चित कराया जाएगा। अमित शाह के भोपाल आगमन के दौरान यातायात व्यवस्था (सुबह 11:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक)

**यात्री बसों के लिए डायवर्सन-**इंदौर, उज्जैन की ओर से आने-जाने वाली बसें: हलालपुर बस स्टैंड से आगे लालघाटी की ओर प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। ये बसें हलालपुर बस स्टैंड पर ही समाप्त होंगी।

**राजगढ़-ब्यावरा मार्ग की बसें:** ये बसें मुबारकपुर बायपास तिराहा, खजूरी बायपास तिराहा, बैरागढ़ मार्ग से होकर हलालपुर बस स्टैंड तक जा सकेंगी।

**मालवाहक, भारी और व्यवसायिक वाहनों के लिए-** रोशनपुरा चौराहे से पॉलिटेक्निक चौराहा, कमला पार्क, रेतघाट, वीआईपी रोड, लालघाटी, गांधीनगर तिराहा और पॉलिटेक्निक चौराहा से गांधीपार्क तिराहा तक इन वाहनों का आवागमन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।

**वैकल्पिक मार्ग:** भारत माता चौराहा, भदभदा चौराहा, साक्षी ढाबा तिराहा, नील बड़ तिराहा, नाथू बरखेड़ा रोड, मुगालिया छाप, खजूरी सडक़, खजूरी बायपास तिराहा और मुबारकपुर चौराहा होकर आवाजाही संभव होगी।

वीआईपी भ्रमण के दौरान आवश्यकतानुसार रोशनपुरा चौराहे से पॉलिटेक्निक चौराहा, कमला पार्क, रेतघाट, वीआईपी रोड, लालघाटी, गांधीनगर तिराहा और गांधीपार्क तिराहा तक आवागमन प्रतिबंधित रहेगा।

**वैकल्पिक मार्ग:-**बैरागढ़, राजा भोज विमानतल, राजगढ़-ब्यावरा की ओर: भारतमाता चौराहा, भदभदा चौराहा, साक्षी ढाबा तिराहा, नील बड़, नाथू बरखेड़ा रोड, मुगालिया छाप, खजूरी सडक़, खजूरी बायपास तिराहा-मुबारकपुर चौराहा।

**सीहोर-इंदौर की ओर:** भारतमाता चौराहा, भदभदा चौराहा, साक्षी ढाबा तिराहा, नील बड़, राती बड़, झागरिया। शहर से सीहोर-इंदौर, राजगढ़-ब्यावरा, राजा भोज एयरपोर्ट की ओर: प्रभात चौराहा, जेके रोड, रत्नागिरी, अयोध्या बायपास मार्ग, भानपुर, करौंद चौराहा, नई जेल, गांधीनगर तिराहा। कार्यक्रम के दौरान यातायात व्यवस्था (सुबह 11:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक)

**मालवाहक, भारी और व्यवसायिक वाहनों के लिए-**पॉलिटेक्निक चौराहे से रविंद्र भवन, केएन प्रधान, राजभवन और मछलीघर तिराहा से गांधीपार्क तिराहा तक आवागमन पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा।

**निरीक्षण**



**विजय मत, भोपाल।** सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने पशुपालन राज्य मंत्री लखन पटेल के साथ रविवार को होने वाले राज्य स्तरीय सहकारी सम्मेलन का स्थल निरीक्षण किया और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चर्चा की।

**खास-खबर** केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान पहुंचे कन्नौद

# विकास कार्यों का किया भूमिपूजन और लोकार्पण

**विजय मत, ब्यूरो, देवास**



केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कन्नौद में हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास के स्वीकृति पत्र वितरित किए और कई विकास कार्यों का भूमिपूजन-लोकार्पण किया। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने एक करोड़ 46 लाख रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण और 10 करोड़ 53 लाख रुपये के विकास कार्यों का भूमि पूजन किया।

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत पात्र हितग्राहियों और अन्य योजनाओं के हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र वितरण कार्यक्रम कन्नौद में आयोजित हुआ। इस दौरान केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने एक करोड़ 46 लाख रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं 10 करोड़ 53 लाख रुपये के विकास कार्यों का भूमिपूजन भी किया। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि खातेगांव विधानसभा क्षेत्र में मां रेवा उद्यम सिंचाई योजना सहित अन्य योजनाओं से पानी पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। इन योजनाओं से विधानसभा क्षेत्र में सिंचाई के लिए और घर-घर पानी मिलेगा।

उन्होंने कहा कि किसानों की सबसे बड़ी समस्या पानी है। हम सिंचाई परियोजनाओं के माध्यम से खेतों में पानी पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। किसानों को पानी उपलब्ध करवा रहे हैं। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा गांव-गांव जल जीवन मिशन अभियान के माध्यम से पानी पहुंचाया जा रहा है। ग्रामों में टंकी बनाकर पाइपलाइन का जाल बिछाया जा रहा है, जिससे नल के माध्यम से घर में पानी मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन इस बात का ध्यान रखें की जल जीवन मिशन में कार्य अच्छी गुणवत्ता का हो मेरे लिए जनता की सेवा ही भगवान की पूजा है। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा किसानों को आगे बढ़ाने के लिए कार्य किया जा रहा है। किसानों से एमएसपी पर फसल खरीदी जा रही है। किसानों की आईडी बनाई जा रही है, जिसमें परिवार, पशु, फसल, कृषि संबंधित सभी जानकारियां होगी। उन्होंने कहा कि रिमोट सेंसिंग से फसल का नुकसान का आकंलन किया जाएगा। डिजिटल कृषि स्ट्रक्कर बनाया जा रहा है।

# मुकेश नायक ने लाडली बहना योजना की राशि में देरी और वादा न निभाने पर बीजेपी सरकार को घेरा

**विजय मत, भोपाल**



मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक ने लाडली बहना योजना की राशि में देरी और इसे बढ़ाने के वादे पर अमल न करने को लेकर मध्य प्रदेश की बीजेपी सरकार पर जमकर निशाना साधा है। नायक ने कहा कि बीजेपी ने 2023 के विधानसभा चुनावों में इस योजना की मासिक राशि 1,250 से बढ़ाकर 3,000 करने का वादा किया था, लेकिन डेढ़ साल बाद भी इस दिशा में कोई प्रगति नहीं हुई। इसके साथ ही, अप्रैल 2025 की 23वीं किश्त भी समय पर नहीं पहुंची, जिससे 1.27 करोड़ लाभार्थी महिलाओं में भारी निराशा और आक्रोश है। मुकेश नायक ने बीजेपी सरकार की नाकामी पर सवाल उठाते हुए कहा, लाडली बहना योजना को बीजेपी ने अपनी उपलब्धि के रूप में प्रचारित किया और वोट हासिल करने के लिए बड़े-बड़े वादे किए। लेकिन अब न तो राशि समय पर आ रही है, न ही इसे बढ़ाने की बात पर कोई कार्रवाई हो रही है। यह मध्य प्रदेश की बहनों के साथ खुला विश्वासघात है। उन्होंने बताया कि हाल ही में विधानसभा में सरकार ने स्पष्ट किया कि राशि बढ़ाने का कोई प्रस्ताव नहीं है, जो बीजेपी के दावों की पोल खोलता है।

नायक ने इस देरी को सरकार की असंवेदनशीलता का प्रतीक बताते हुए कहा, लाडली बहना योजना की राशि पर लाखों परिवार निर्भर हैं। यह राशि महिलाओं की दैनिक जरूरतों, बच्चों की पढ़ाई और परिवार के पोषण के लिए जरूरी है। लेकिन बीजेपी सरकार न तो समय पर राशि दे रही है, न ही अपने वादे पूरे कर रही है। क्या बीजेपी अब इस योजना को चुपके से कमजोर करने की साजिश रच रही है? लाडली बहना योजना, जिसे 28 जनवरी, 2023 को शुरू किया गया था, 21 से 60 वर्ष की आयु की पात्र महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान करती है।

# विधायक, कलेक्टर, अध्यक्ष, सहित समाज सेवियों ने किया श्रमदान

## हनुमान जयंती के अवसर पर प्राचीन बाणगंगा मंदिर परिसर में नपा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में समाज के सभी वर्गों के लोगों ने श्रमदान कर चलाया सफाई अभियान

**विजय मत, शहडोल।**

हनुमान जयंती के अवसर पर जिला प्रशासन तथा नगरपालिका शहडोल के संयुक्त तत्वावधान में प्राचीन एवं ऐतिहासिक विराट मंदिर प्रांगण में साफ सफाई का अभियान चलाया गया। विधायक जयसिंह नगर विधानसभा क्षेत्र श्रीमती मनीषा सिंह, कलेक्टर डॉ.केदार सिंह, अध्यक्ष पूर्व वित्त विकास निगम श्रीमती अमिता चपरा,नगर पालिका अध्यक्ष तथा पार्षदों ने समाज सेवियों,जन प्रतिनिधियों, शासकीय सेवकों के साथ परिसर की सफाई की। सफाई के पश्चात पूजा अर्चना कर शहडोल संभाग तथा प्रदेश के विकास एवं कल्याण की कामना की।

शहडोल के ऐतिहासिक एवं प्राचीन विराट मंदिर परिसर के कुंड जन श्रुति, मंदिर के पुजारी तथा शिलालेखों के आधार पर ऐसा माना जाता है कि विराट नगरी शहडोल का बाणगंगा कुंड और राम जानकी मंदिर है यह मंदिर अत्यंत प्राचीन मंदिर है मंदिर के सामने ही विराटेश्वर महादेव का मंदिर है जो वास्तुकला का प्रमाण है उदाहरण है बाणगंगा कुंड बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह माना जाता है कि महाभारत कालीन में जब भीष्म पितामह के लिए अर्जुन ने बाणों का संधान किया था बाण के संधान से इस कुंड का उद्गम हुआ है। इसलिए इस जल का अत्यधिक महत्व माना







जाता है गाय एवं बैल के पैर में जो कीड़े पड़ जाते हैं उसके इलाज के लिए भी इसका जल महत्वपूर्ण माना जाता है। साथ ही मकर संक्रांति 14 जनवरी को इस जल का अत्यधिक महत्व होता है यहां पर दूर-दूर से अन्य राज्यों से लोग आते हैं यहीं बगल में मेला मैदान है जहां मेला लगता है मेले के दौरान यहां पर लोग इस कुंड में स्नान करते हैं भगवान का पूजन अर्चन करते हैं यहां पर भगवान की महिमा का गुणगान करते हैं इस दौरान दूर दराज से आए भिक्षुओं को खिचड़ी दान किया जाता है इस मंदिर का इतिहास एक प्राचीन है



### सेल्फी लेकर पानी की सुरक्षा जीवन की सुरक्षा का दिया संदेश

विधायक, कलेक्टर सहित अन्य लोगों ने सेल्फी लेकर दिया, जल संरक्षण का संदेश

पानी की सुरक्षा जीवन की सुरक्षा शहडोल जिले में जल के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए जल गंगा संवर्धन अभियान 30 जून तक चलाया जा रहा है। संभागीय मुख्यालय शहडोल के विराट मंदिर परिसर में जल का संदेश देने हेतु सेल्फी प्वाइंट बनाया गया जिसमें विधायक श्रीमती मनीषा सिंह, कलेक्टर डॉ.केदार सिंह, अध्यक्ष नगर पालिका घनश्याम जायसवाल सहित अन्य लोगों ने सेल्फी ली तथा जल संरक्षण का संदेश दिया।

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किए गए कार्य में पूर्व अध्यक्ष महिला वित्त विकास निगम श्रीमती अमिता चपरा, नगर पालिका अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल,पूर्व उपाध्यक्ष जन अभियान परिषद डॉ.जितेन्द्र जामदार, जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक विवेक पांडे, मुख्य नगर पालिका अधिकारी अक्षत, पार्षद प्रकाश नारायण, प्रभात पांडे, होलकर परस्ते, सिल्लू रजक, शक्ति लक्ष्यकर, मनीष शर्मा, शिवम् मिश्रा, समाजसेवी संतोष लोहानी, पत्रकार अजय जायसवाल, राहुल मिश्रा, रविंद्र वैघ सहित अन्य लोगों ने बढ़-चढ़कर से सहभागिता निभाई।

### जल का महत्व बताने जनप्रतिनिधि, अधिकारियों ने बनाई मानव श्रृंखला

जल है तो कल है, आओ मिलकर कदम बढ़ाएं÷ जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व वाले तालाबों, जल स्त्रोतों तथा देवालयों में जल संरक्षण के कार्य भी किये जा रहे हैं। यह जन प्रतिनिधियों, स्थानीय समुदाय, जनभागीदारी, आमजन और सरकार के संयुक्त प्रयास से संचालित होगा, जिसमें मशीन, सामग्री व श्रम का समुचित नियोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में संभागीय मुख्यालय शहडोल के ऐतिहासिक एवं प्राचीन मंदिर विराट मंदिर परिसर के कुंड में जल का महत्व बताने के लिए जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं जनमानस ने मानव श्रृंखला बनाई।







## न्यूज इन शॉर्ट

### 30 अप्रैल को किया जाएगा मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह का आयोजन

शहडोलँ। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जयसिंहनगर ने जानकारी दी है कि जनपद पंचायत जयसिंहनगर, नगरपरिषद जयसिंहनगर अन्तर्गत मुख्यमत्रीं कन्या विवाह योजना के पात्र कन्या, विधवा, परित्यक्ता का विवाह 30 अप्रैल 2025 को चूंदी नदी सिद्धबाबा मंदिर ग्राम पंचायत कतिरा में आयोजित किया जाएगा। इसके लिये आवेदन पत्र 21 अप्रैल 2025 तक लिये जायेंगे। हितग्राहियों के आवेदन पत्र ग्राम पंचायत क्षेत्र के आवेदन जनपद पंचायत जयसिहनगर एवं शहरी क्षेत्र के आवेदन नगर परिषद जयसिंहनगर में जमा किए जाएंगे। उक्त विवाह में शामिल होने के लिए वधु/वधु के अभिभावक का मध्यप्रदेश के मूल निवासी हानें का प्रमाण पत्र होना चाहिए। वधु व उसके वर की 9 अंक की समग्र आई.डी. समग्र आई.डी. उपलब्ध न होनें के स्थिति में संबधित निकाय जिसका आवेदक निवासी है द्वारा समग्र आई.डी. उपलब्ध कराई जावेगी। वर मध्यप्रदेश का निवासी नहीं होनें की स्थिति में समग्र आई.डी. अनिवार्य नही होगा, तथा निर्देश में दिये गये समस्त दस्तावेज संलग्न करना होगा।



### दिव्य मुस्कान संस्था द्वारा हनुमान मंदिर में लगाई गई कुर्सिया

शहडोल। सेवा कार्य में सदा अग्रसर रहने वाली संस्था दिव्य मुस्कान की संस्थापक एवं वर्तमान अध्यक्ष श्रीमती निभा गुप्ता के नेतृत्व में श्री हनुमान जन्म उत्सव के पावन अवसर पर कल्याणपुर स्थित श्री हनुमान मंदिर प्रांगण में पहुंचे भक्तजनों को बैठने के लिए सीमेंट की कुर्सियां लगवाई गई एवं मंदिर में हो रहा अखंड मानस पाठ में बहनों ने अपनी सहभागिता निभाई इस अवसर पर संस्था की संरक्षिका श्रीमती मंजू गुप्ता, उपाध्यक्ष श्रीमती छाया गुप्ता ,सचिव अंजना सिंह आर्या एवं सदस्य बहन रंजना गुप्ता अंजू चौदह, प्रीति अग्रवाल,विंध्य कंकने, दिव्या कटारे, पूजा गुप्ता की उपस्थिति गरिमामय थी

### नरवाई न जलाने तथा इससे जैविक खाद बनाने की सलाह

शहडोल-कृषि विभाग द्वारा जिले के किसानों को गेंहू तथा अन्य फसलों को काटने के बाद बचे हुए अवशेष (नरवाई) नहीं जलाने की सलाह दी गई है। इस संबंध में उप संचालक कृषि श्री आर पी झारिया ने कहा है कि नरवाई जलाने से एक ओर जहां खेतों में अग्नि दुर्घटना की आशंका रहती है। वहीं मिट्टी की उर्वरकता पर भी विपरीत असर पाता है। इसके साथ ही धुएँ से कार्बन डायआक्साइड की मात्रा वातावरण में जाती है जिससे वायु प्रदूषण होता है।

## गैस सिलेंडरों के दाम बढ़ने से गृहणियों को सताने लगी है घर के बजट की चिंता

**विजय मत, शहडोल।**

संपन्न वर्ग को भले ही महंगाई से कोई लेना-देना न हो और उन्हें इसमें देश का विकास नजर आता हो पर मध्यम वर्गीय और निम्न वर्ग के लोगों के लिए हर क्षेत्र में बढ़ती महंगाई ज्वलंत समस्या बन गई है। अप्रेल के दूसरे सप्ताह से घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत 898.50 रुपए हो गई है, जो पहले 848 हो गई, जो पहले का बजट और बिगड़ गया है, जो पहले से ही महंगाई से परेशान है। गृहणियों से चर्चा में बताया कि अब रसोई चलाना और मुश्किल हो जाएगा। एलपीजी गैस सिलेंडरों के दामों में सोमवार को केंद्रीय



पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने बढ़ोतरी की घोषणा की है। गैस के दाम बढ़ने के साथ ही महिलाओं को रसोई के बजट की चिंता सताने लगी है।

**चुनाव के समय कम हुए थे दाम** –गौरतलब है कि पिछले करीब एक साल पहले तक घरेलु गैस सिलेंडर के दाम 1126 रुपए तक पहुंच गए थे। चुनाव के समय इसमें 200 रुपए की कटौती की गई थी, जिससे दाम 926 रुपए में पहुंच गए थे। इसके कुछ दिनों बाद 8 मार्च 2024 को 100 रुपए की कटौती किए जाने से गैस सिलेंडर के दाम घटकर 826 रुपए पर आ गए थे लेकिन इसके बाद भी उज्जवला हितग्राहियों द्वारा गैस रिफलिंग की संख्या पर ज्यादा असर नहीं हुआ था, अब घरेलू सिलेंडर के दाम एक बार फिर बढ़ा दिए गए हैं। इससे रिफलिंग कराने वालों की संख्या और भी कम हो सकती है।

## गर्मी में बढ़ी पानी के डिब्बों की सप्लाई, जांच नहीं



**विजय मत, शहडोल।**

जिले में गर्मी बढ़ने लगी है, बढ़ती गर्मी के साथ खान-पान को लेकर भी कुछ बदलाव आते हैं, बार-बार सूखते गले को तर करने के लिए ठंडा पानी पीना पसंद करते हैं, ठंडे पानी की बढ़ती इसी चाहत का परिणाम होता है कि आरो वाटर प्लांट से होने वाली सप्लाई भी बढ़ जाती है। दावा किया जाता है कि आरो वाटर चील्ड होने के साथ पूरी तरह से शुद्ध है लेकिन ये दावे सही हैं या नहीं इसकी जांच के लिए कोई प्रयास नहीं किए जाते हैं।

**शहर में करीब आधा दर्जन के आसपास आरो प्लांट संचालित** –जानकारी के अनुसार शहर में करीब आधा दर्जन के आसपास आरो प्लांट संचालित हो रहे हैं। जिनसे हर रोज सैकड़ों डिब्बों से पानी की सप्लाई हो रही है। लोग यही विश्वास करके इस पानी का उपयोग करते हैं कि पानी पूरी तरह शुद्ध ही होगा। जानकारी अनुसार आरओ सिस्टम के माध्यम से साधारण पानी को शुद्ध बनाया जाता हैं। वह पानी से हानिकारक तत्व आर्सेनिक फ्लोराइड, क्लोरीन, लेड को अलग करता है लेकिन उसके बाद भी यह तत्व कुछ मात्रा में शेष रह जाते हैं। यह सिस्टम पानी को पांच चरणों में साफ करता है और उसे गंदगी, धूल, बैक्टेरिया आदि से मुक्त कर शुद्ध व मीठा बनाता है।

### जल का महत्व बताने के लिए लगाई गई चौपाल, किया गया श्रमदान

शहडोल। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत बुढार ब्लॉक के केशौरी ग्राम में चौपाल लगाई गई तथा श्रमदान किया गया। चौपाल में जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक विवेक पांडेय द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के विषय में विस्तार से जानकारी दिया गया, जल को किस प्रकार से संरक्षित करके उपयोग मे लाया जा सकता है इसके तरीकों को बताया गया और इसके लिए ग्राम वासियों से चर्चा किया गया, पीने योग्य जल कितनी मात्रा में है इसकी जानकारी दिया गया। साथ ही बताया गया कि ग्राम में स्थित कुआं, तालाब हैंडपंप के जल स्तर को कैसे बढ़ाया जा सकता है व बारिश के जल को किस प्रकार से संचय करके जल स्तर को अच्छा किया जा सकता है,पेयजल की सुविधा के लिए मटके रखे गए। साथ ही जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत श्री बजरंग विकास समिति से सुरेश मिश्रा, हनीफ, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष, मातृ शक्ति महिला मंडल से मीनू जैन, मेंटर आनन्द यादव, और ग्राम के सरपंच व ग्राम वासियों ने भी श्रमदान किया।

### बावड़ी की कार्बन जांच जिला प्रशासन को कराना चाहिएः खूबचंद अग्रवाल



शहडोल।किरण टॉकीज शहडोल स्थित बावड़ी सार्वजनिक धार्मिक उपयोग की शासकीय भूमि को बचाने चल रहे क्रमिक अनशन के आठवें दिन आंदोलन को समर्थन देने जिले के वरिष्ठ अधिवक्ता खूब चंद्र अग्रवाल अनशन स्थल पर पहुंचे। वह अनशनकारी नौजवानों को महात्मा गांधी अमर रहे के जयकारे के साथ महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर अनशनकारियों पियूष सोनी एवं निलेश गुप्ता को तिलक लगाकर बैठाया। इस अवसर पर वरिष्ठअधिवक्ता खूबचंद अग्रवाल ने कहा की किरन टॉकीज स्थित बावड़ी का संबंध बाणगंगा शहडोल स्थित शिव जी के विराट मंदिर से है जिसे महाभारत कालीन पांडवों ने अपने प्रवास के दौरान इसका निर्माण कराया था।यह बावली पौराणिक है इसका संरक्षण कानूनन आवश्यक है पुरातत्व विभाग को इसका पूरा संज्ञान लेना चाहिए जरूरत पड़े तो जिले के प्रशासन को बावड़ी की कार्बन जांच करानी चाहिए। पौराणिक बावड़ी का पट्टा किसी भी व्यक्ति का नहीं दिया जा सकता। जो व्यक्ति यह कहता है कि तो वह कानूनन गलत है। जिले के प्रशासन को भी इसका संज्ञान लेना चाहिए क्योंकि पौराणिक बावड़ी हमारी सांस्कृतिक सामाजिक धरोहर है। इसके संरक्षण की जिम्मेदारी कानून की सरकार की प्रशासन की है।

**जन्मोत्सव**

### मंदिरों में गूंजते रहे बजरंगबली के जयकारे, श्रद्धालु भक्तों ने जय श्री राम, जय हनुमान के गाए भजन

# जिले भर में मनाई गई हनुमान जयंती, जगह-जगह हुए भंडारे



**विजय मत, शहडोल।**

जिले भर में हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही श्रद्धालु हनुमान मंदिरों में पूजा अर्चना के लिए पहुंचने लगे थे। हनुमान जन्मोत्सव शहर के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोगों ने श्रद्धाभाव के साथ मनाया। जिले के सभी छोटी बड़ी मंदिरों में सुबह से अनुष्ठान, अखंड मानस पाठ, रामचरित मानस के साथ भजन कीर्तन का आयोजन जारी रहा। श्रद्धालुओं ने हनुमान जन्मोत्सव पर पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना करते हुए हनुमानजी की प्रतिमा पर फूल माला, चोला व सिंदूर लगाकर सुख समृद्धि की कामना की। श्रद्धालुओं ने पीपल के पत्तों पर श्रीराम लिखकर प्रभु को अर्पित किया।

### नगर में देखा गया उत्साह और भक्तिमय वातावरण

शुक्रवार को हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर पूरे नगर में उत्साह और भक्ति मय का वातावरण देखने को मिला। इस मौके पर हनुमान मंदिरों के पुजारियों ने मंत्रोच्चारण के साथ ही महाआरती उतारी। साथ ही खीर पूड़ी, चना गुड़ व रोठ का भोग लगाया।

### इन जगहों में दिनभर चला भंडारा

नगर के पुराना बस स्टैंड स्थित हनुमान मंदिर, घरौलानाथ मंदिर, कल्याणपुर हनुमान मंदिर, पंचमुखी हनुमान मंदिर, शहर के गांधी चौक स्थित हुनामन मंदिर, छतवई बरुका हनुमान मंदिर के साथ ही नगर के विभिन्न स्थानों व ग्रामीण क्षेत्रों में भी भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किए।

### कल्याणपुर व पंचमुखी मंदिर से निकली शोभा यात्रा

मुख्यालय से सटे ग्राम कल्याणपुर स्थित हनुमान मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई। हुनमान जी की झांकी को रथ में सजाया गया था। हनुमान भक्त डीजे की धुन में नाचते गाते चल रहे थे। शोभायात्रा मंदिर से पुरानी बस्ती, फाटक से नगर भ्रमण करते हुए राममंदिर पहुंची, यहां शोभा यात्रा का सामपन कर प्रसाद वितरण किया गया। इसी तरह नगर के अन्य हनुमान मंदिरों से भी शोभायात्रा निकाली गई। गाजे बाजे के साथ हनुमान जी की झांकी का दर्शन करने बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और भजनों पर थिरकते नजर आए।

**पुराना बस स्टैंड स्थित हनुमान मंदिर में सुबह से पूजा अर्चना**

नगर के पुराना बस स्टैंड स्थित हनुमान मंदिर में सुबह से पूजा अर्चना का दौर चलता रहा, दोपहर में पवनसुत हनुमानजी की महाआरती की गई। जिसमें बड़ी संख्या में भक्त पहुंचकर आरती में शामिल हुए। महाआरती के बाद भंडारे का आयोजन किया गया, जो शाम तक चलता रहा।

# आईपीएल सुपर संडे: दो रॉयल्स आज होगें आमने-सामने

■ समय दोपहर 3:30 बजे

**जयपुर, एजेंसी**

आईपीएल 2025 के सुपर संडे में क्रिकेट प्रेमियों को रोमांचक मुकाबला देखने को मिलेगा। सुपर संड़े में दो मैच खेले जाने है पहला दो रॉयल्य (राजस्थान रॉयल और रॉयल रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु) के बीच तथा दूसरे मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस के बीच खेला जाना हैं। राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीमें जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में आमने-सामने होंगी। दोनों ही टीमें पिछली हार के बाद जीत की पटरी पर लौटने की कोशिश में होंगी। आरसीबी ने अब तक पांच में से तीन मैच जीते हैं और अंकतालिका में चौथे स्थान पर है, जबकि राजस्थान रॉयल्स दो जीत के साथ सातवें पायदान पर है। इस मुकाबले में जोफ्रा आर्चर बनाम विराट कोहली और फिल सॉल्ट की भिड़ंत देखने को मिल सकती है। आर्चर ने पिछली दो पारियों में जबरदस्त वापसी करते हुए तेज रफ्तार गेंदों से कहर बरपाया है। पंजाब किंग्स के खिलाफ उन्होंने श्रेयस अय्यर को 148.6 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार वाली गेंद पर बोल्ड किया, जबकि गुजरात के खिलाफ शुभमन गिल को 147.7 किलोमीटर प्रति घंटे की इनस्विंगर पर आउट किया था।




### दोनों टीमें इस प्रकार हैं

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु**-रजत पाटीदार (कप्तान), फिल साल्ट, विराट कोहली, देवदत्त पडिक्कल, लियाम लिविंगस्टोन, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), टिम डेविड, क्रुणाल पंड्या, भुवनेश्वर कुमार, जोश हेजलवुड, यश दयाल, सुयश शर्मा, रसिख डार सलाम, मनोज भंडागे, जैकब बेथेल, स्वप्निल सिंह, अभिनंदन सिंह, रोमारियो शेफर्ड, लुंगी एनगिडी, नुवान तुषारा, मोहित राठी, स्वास्तिक चिकारा।

**राजस्थान रॉयल्स**-संजू सैमसन (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, शुभम दुबे, नितीश राणा, रियान पराग, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), शिमरोन हेटमायर, जोफ्रा आर्चर, महीश तीक्षाना, तुषार देशपांडे, संदीप शर्मा, फजल हक फारूकी, कुणाल सिंह राठौड़, आकाश मधवाल, कुमार कार्तिकेय, क्रेन मफाका, वानिंदु हसरंगा, युद्धवीर सिंह चरक, अशोक शर्मा, वैभव सूर्यवंशी।

## दिल्ली का विजय रथ रोकने मुंबई को लगाना होगा ऐडी चोटी का दम

समय शाम 7:30 बजे

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2025 के 29वें मुकाबले में रविवार को दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) जब अरुण जेटली स्टेडियम में मुंबई इंडियंस (एमआई) से भिड़ेगी, तो उसका लक्ष्य जीत की लय को बरकरार रखना होगा। अपने घरेलु मैदान पर दिल्ली कैपिटल्स का जोश वैसे ही हाई होगा, वहीं एमआई की टीम दो लगातार हार के बाद वापसी के लिए संघर्ष करती नजर आएगी। डीसी ने इस सीजन में चार मुकाबले खेले हैं और चारों में जीत दर्ज कर 8 अंकों के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर बनी हुई है, जबकि एमआई पांच में से सिर्फ एक मुकाबला जीतकर आठवें स्थान पर है। अब इस मैच में अगर एमआई को डीसी का विजय रथ रोकना है तो उसे ऐडी चोटी का जोर लगाना पड़ेगा। डीसी की जीत का सबसे बड़ा आधार कप्तान केएल राहुल की शानदार फॉर्म है। उन्होंने अब तक तीन पारियों में 169.72 की स्ट्राइक रेट से 185 रन बनाए हैं।

### दोनों टीमें इस प्रकार हैं

**मुंबई इंडियंस**-हार्दिक पांड्या (कप्तान), जसप्रित बुमरा, सूर्यकुमार यादव, रोहित शर्मा, तिलक वर्मा, ट्रेंट बोल्ट, नमन धीर, रॉबिन मिंज, कर्ण शर्मा, रयान रिकेलटन, दीपक चाहर, अल्लाह गजनफर, विल जैक, अश्विनी कुमार, मिशेल सेंटनर, रीस टॉपले, कृष्णन श्रीजीत, राज अंगद बावा, सत्यनारायण राजू, बेवोन जैकब्स, अर्जुन तेंदुलकर, लिज़ाद विलियम्स, विग्नेश पुथुर।

**दिल्ली कैपिटल्स**-अक्षर पटेल (कप्तान), फाफ डु प्लेसी, करुण नायर, समीर रिजवी, जेक फेजर-मैकगर्क, आशुतोष शर्मा, केएल राहुल, अभिषेक पोरेल, डोनोवन फरेरा, ट्रिस्टन स्टब्स, माधव तिवारी, त्रिपुराना विजय, मनवंत कुमार, विप्रज निगम, अजय मंडल, दर्शन नालकंडे, मुकेश कुमार, मोहित शर्मा, टी नटराजन, मिशेल स्टार्क, दुष्मंथा चमीरा, कुलदीप यादव।

फुटबॉल



इटली के उडीन में ब्लूनेर्जी स्टेडियम में उडीनीस और मिलान के बीच सीरीज ए फुटबॉल मैच के दौरान स्कोरिंग का जश्न मनाते एसी मिलान के स्ट्राहिन्जा पावलोविच (बाएं)।

## सीएसके के पूर्व खिलाड़ी अजिंक्य और मोईन अली ने चेपॉक की परिस्थितियों के बारे में बताया: डिकॉक

**चेन्नई, एजेंसी**

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक ने कहा कि चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व खिलाड़ियों अजिंक्य रहाणे और मोईन अली के होने से उन्हें चेपॉक की परिस्थितियों के बारे में जानकारी मिली, इस कारण एक अतिरिक्त स्पिनर को मैदान में उतारने का निर्णय लिया।



केकेआर का यह फैसला आखिर में महत्वपूर्ण साबित हुआ और उसके स्पिनरों सुनील नारायण, वरुण चक्रवर्ती और मोईन अली ने टीम की आठ विकेट की जीत में अहम भूमिका है। डिकॉक ने कहा, जब हम गेंदबाजी कर रहे थे, तब पिच वास्तव में काफी धीमी थी और गेंद रुक कर आ रही थी। हमारे गेंदबाजों ने इसका पूरा फायदा उठाया। हमारी टीम में रहाणे और मोईन जैसे खिलाड़ी हैं, जिन्होंने यहां पहले काफी क्रिकेट खेली है और यहां की परिस्थितियों से अच्छी तरह वाकिफ हैं।

## आईपीएल में 200 की स्ट्राइक रेट से रन बनाने वाले एकमात्र कप्तान हैं श्रेयस

**मुम्बई, एजेंसी**



बल्लेबाज श्रेयस अय्यर आजकल का बल्ला आजकर जमकर चल रहा है। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में भी पंजाब किंग्स की कप्तानी करते हुए श्रेयस ने अबतक काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। श्रेयस ने चार मैचों में 168 रन बनाए हैं। इसमें दो अर्धशतक शामिल हैं। सबसे खास बात ये है कि श्रेयस ने अबतक 200 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं और उनका औसत भी 80 से ऊपर है। इस प्रकार 200 का स्ट्राइक रेट हासिल करने वाले वह एकमात्र कप्तान हैं। वहीं, मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने 168.75 की स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की है। पांड्या ने चार मैच की तीन पारियों में 81 रन बनाए हैं जबकि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के कप्तान रजत पाटीदार ने इस सीजन में अब तक 161.74 की स्ट्राइक रेट के साथ रन बनाए हैं। कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे भी शामिल हैं।

## रोहित के बचाव में उतरे क्लार्क

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क ने खराब फार्म के कारण परेशान बल्लेबाज रोहित शर्मा का बचाव किया है। रोहित आईपीएल में मुम्बई इंडियंस की ओर से अबतक इस सत्र में असफल रहे हैं। इसी को लेकर क्लार्क ने रोहित का मनोबल बढ़ाते हुए कहा है कि वह एक सुपर स्टार हैं जो एक बार 40 रनों तक पहुंचा जाये तो अपना खोया फार्म आसानी से हासिल कर लेंगे। क्लार्क ने कहा कि वह दिन अधिक दूर नहीं जब वह शतक लगाएगा। एक अच्छी पारी की जरूरत है। वह 40 या 60 रन की हो सकती है। उन्होंने कहा कि एक बार लय हासिल कर ली तो आप उसे सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में देखेंगे। मैं उसके फॉर्म को लेकर चिंतित नहीं हूं। उन्होंने कहा कि हमें महान खिलाड़ियों से हमेशा ही अधिक अपेक्षायें रहती हैं क्योंकि वे इतने सफल होते हैं। एक दो मैचों में खराब खेलना चलता है। क्लास स्थाई होती है।

## विनेश फोगाट ने खेल अकादमी खोलने का किया ऐलान

**नई दिल्ली, एजेंसी**

ओलंपियन और पूर्व रेसलर विनेश फोगाट ने घोषणा की है कि वह हरियाणा सरकार से प्राप्त 4 करोड़ रुपए के पुरस्कार को एक अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल अकादमी स्थापित करने में खर्च करेंगी। यह पुरस्कार उन्हें पेरिस ओलंपिक 2024 में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए प्रदान किया गया है।

हरियाणा की खेल नीति को देश की बेहतरीन नीतियों में गिना जाता है, जो खिलाड़ियों को तीन विकल्प प्रदान करती है - जमीन, नौकरी या नकद राशि। ओलंपिक में स्वर्ण पदक विजेताओं को 6 करोड़ रुपए, रजत



पदक विजेताओं को 4 करोड़ रुपए और कांस्य पदक विजेताओं को 2.5 करोड़ रुपए दिए जाते हैं। विनेश फोगाट पेरिस ओलंपिक 2024 के 50 किग्रा महिला पहलवानी वर्ग के फाइनल में पहुंची थीं, लेकिन फाइनल से पहले वजन परीक्षण में तय सीमा से थोड़ा अधिक वजन होने के कारण उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया। इसके बावजूद, हरियाणा सरकार ने उन्हें रजत पदक विजेता के बराबर 4 करोड़ रुपए देने का निर्णय लिया।

विनेश ने इस राशि को नकद में लेने का निर्णय लिया और अब इसे अपने वर्षों पुराने सपने को साकार करने के लिए एक अंतरराष्ट्रीय खेल अकादमी खोलने में उपयोग करेंगी। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर विनेश ने लिखा, एक खिलाड़ी की मेहनत को सम्मान देना ही असली जीत है। जनता ने मुझे जो प्यार, भरोसा और ताकत दी, अब वक्त है उसका कर्ज चुकाने का।

# बिजनेस

### विदेशी मुद्रा भंडार 10.872 अरब डॉलर से बढ़कर 676.268 अरब डॉलर हुआ

## भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में वृध्दि, आरबीआई ने जारी किया आंकड़े

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत के विदेशी मुद्रा भंडार ने 4 अप्रैल के समाप्त सप्ताह के दौरान चौंकाने वाली वृद्धि दर्ज की। इस दौरान भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 10.872 अरब डॉलर से बढ़कर 676.268 अरब डॉलर हो गया। यह पिछले समीक्षाधीन सप्ताह में वृद्धि का पांचवां सत्र था। आरबीआई ने इस बढ़ते विदेशी मुद्रा भंडार को देखते हुए विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप किया था ताकि रुपये में उतार-चढ़ाव को कम किया जा सके। सितंबर 2024 के अंत में भारत के विदेशी मुद्रा भंडार ने सर्वकालिक उच्च स्तर को छूने का रिकॉर्ड बनाया था। आंकड़ों के मुताबिक, 4 अप्रैल के समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का एक प्रमुख घटक, विदेशी मुद्रा आस्तियां



9.074 अरब डॉलर से बढ़कर 574.088 अरब डॉलर हो गईं। विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों की कीमतों में उतार-चढ़ाव का प्रभाव यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी इकाइयों पर भी दिखाई दिया। समय के अनुसार, स्वर्ण भंडार 1.567 मिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 79.36 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया है। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 186 मिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 18.362 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गए हैं। भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, समीक्षाधीन सप्ताह में आईएमएफ के पास भारत की आरक्षित स्थिति भी 46 मिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 4.459 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गई।

## तेल की कीमतों में दूसरे हफ्ते भी गिरावट की संभावना

■ ब्रेंट इस सप्ताह 60 डॉलर प्रति बैरल से नीचे पहुंचा


**नई दिल्ली, एजेंसी**

अमेरिका और चीन के बीच बढ़ते व्यापार युद्ध की आशंका से लगातार दूसरे सप्ताह भी तेल में गिरावट का रुझान देखा गया। ब्रेंट क्रूड वायदा 0.25 फीसदी तक चढ़कर 63.49 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। यूएस टेक्सस इंटरमीडिएट क्रूड 0.25 फीसदी चढ़कर 60.22 डॉलर पर आ गया। ब्रेंट और डब्ल्यूटीआई में करीब 3 फीसदी की साप्ताहिक गिरावट हो सकती है। इन दोनों में पिछले सप्ताह करीब 11 फीसदी की गिरावट आई थी। ब्रेंट इस सप्ताह 60 डॉलर प्रति बैरल से नीचे पहुंचा जो फरवरी 2021 के बाद से इसका सबसे निचला स्तर है। यूबीएस के एक विश्लेषक जियोवानी ने कहा कि ऊंचे अमेरिकी टैरिफ के खिलाफ चीन की सख्त प्रतिक्रिया ने बाजार की धारणा को प्रभावित किया है और तेल कीमतों में कमजोरी आई है।

### सरकार सेमीकंडक्टर और एआई मिशन तेज रफ्तार से आगे

## भारत का इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन पहुंचेगा नए ऊंचाई पर

**नई दिल्ली, एजेंसी**



भारत सरकार ने अपने सेमीकंडक्टर और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) मिशन को तेज़ी से आगे बढ़ाने का किया ऐतिहासिक प्रयास। इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने घोषणा की कि भारत ने 2030 तक 500 अरब डॉलर के इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन की उत्कृष्टता की दिशा में कदम बढ़ाया है। इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए, भारत में कई योजनाएं और पहले शुरू की गई हैं। मंत्री ने बताया कि भारत में 25 ऐसे चिपसेट डिजाइन किए जा रहे हैं जिनकी बौद्धिक संपदा भारत के पास होगी। इन चिप्स का इस्तेमाल सुरक्षा से जुड़े उपकरणों में किया जाएगा। सरकार ने देशभर के 240 कॉलेजों और संस्थानों को उन्नत चिप डिजाइन टूल्स भी दिए हैं। इन टूल्स का उपयोग करके छात्रों ने पहले 20 चिप्स का निर्माण किया है जो अब मोहाली स्थित सेमीकंडक्टर लैब में तैयार हो जाएगा। इस पहल से भारत में स्टार्टअप्स और प्रतिभा विकास को मिलेगी मजबूत सहायता। इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण में पिछले दशक में 17 फीसदी की सीएजीआर से 5 गुना वृद्धि हुई है और 25 लाख से अधिक नौकरियां पैदा हुई हैं। इसके अलावा, भारत में एआई क्षेत्र में उच्च कंप्यूटिंग क्षमता उपलब्ध करवाने के लिए जीपीयू आधारित कंपनियों का नया पैनल भी तैयार हो रहा है। सरकार ने 27 विशेष ऐप जैसे कृषि, मौसम, जलवायु और शिक्षा से जुड़े एआई समाधान विकसित किए जा रहे हैं। इस सफलता के लिए मंत्री ने भी डिजिटल निजी डेटा सुरक्षा अधिनियम के महत्व को उजागर किया और विश्वसनीय डेटा की गुप्तता सुनिश्चित करने के लिए सरकार का पूरा समर्थन जताया। उन्होंने कानून की जल्दी से सार्वजनिक किया जाने की भी जानकारी दी।

## जीएसटी नेटवर्क ने अप्रैल, 2025 से जीएसटीआर-3बी भरने में किया संशोधन

**अपंजीकृत व्यक्तियों के लिए अंतर-राज्यीय आपूर्तियों की तालिका में बदलाव की अनुमति नहीं**

**नई दिल्ली।** देश के व्यावसायिक संचार के लाइफलाइन वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) नेटवर्क ने एक महत्वपूर्ण सुधार की घोषणा की है। जीएसटी नेटवर्क द्वारा इस बदलाव के बारे में कहा गया है कि अप्रैल, 2025 के बाद से जीएसटी करदाताओं को मासिक कर भुगतान फॉर्म जीएसटीआर-3बी में अपंजीकृत व्यक्तियों और छोटे करदाताओं के लिए अंतर-राज्यीय आपूर्तियों की तालिका में बदलाव की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसके साथ ही, जीएसटीएन ने उचितता और सुविधाओं के बीच संतुलन बनाए रखने के उद्देश्य से जीएसटीआर-3बी को आंकड़े आधारित मूल्यों के साथ भरे जाने की घोषणा की है। इस सुधार से अब करदाता जीएसटी और अपंजीकृत व्यक्तियों को समर्थन और मार्गदर्शन मिलेगा जिससे उन्हें अपने कर भुगतान को सही से भरने में मदद मिलेगी। इस समाचार ने व्यापारिक समुदाय को एक बड़ी राहत दी है और विश्वास का एहसास कराया है कि जीएसटी नेटवर्क उनके हर संबंधित पहलू का ध्यान रख रहा है। यह सुधार न केवल अधिक सरलता लाएगा बल्कि करदाताओं को सही गाइडन्स और समर्थन प्रदान करने में भी मदद करेगा।

## बीते सप्ताह शेयर बाजार में रही मामूली गिरावट

■ सेंसेक्स 429.40 अंक बढ़कर 22,828 पर बंद

■ निफ्टी 524.75 अंक बढ़कर 22,923 पर बंद



**मुंबई, एजेंसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा लगाए गए टैरिफ की वजह से बीते सप्ताह पिछले सप्ताह मामूल गिरावट के साथ बंद हुए। पिछले सप्ताह गुरुवार को महावीर जयंती के अवसर पर शेयर बाजार में अवकाश रहने की वजह से एक दिन कम कारोबार हुआ। घरेलू शेयर बाजार में सोमवार को भारी गिरावट देखी गई। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 4000 अंक के करीब गिरकर 71,449.94 पर खुला और 2,226.79 अंक गिरकर 73,137.90 पर बंद हुआ। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 भी 1000 अंक से ज्यादा की गिरावट लेकर 21,758.40 पर खुला और 742.85 अंक गिरकर 22,161.60 पर बंद हुआ। एशियाई बाजार में बढ़त के कारण मंगलवार को शेयर बाजार में रौनक लौट आई। सेंसेक्स 1175.90 की बढ़त के साथ 74,313.80 अंक पर खुला और 1,089.18 अंक उछलकर 74,227.08 अंक पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी तेजी आई, यह 390 अंक से ज्यादा के साथ 22,446.75 पर खुला और 374.25 अंक या 1.69 प्रतिशत बढ़कर 22,535.85 पर बंद हुआ। बुधवार को शुरुआती कारोबार में बीते दिन शेयर बाजार की तेज रफ्तार ब्रेक लगाते हुए सेंसेक्स और निफ्टी नकारात्मक रुख के साथ कारोबार करते दिखे। सेंसेक्स 554.02 अंक गिरकर 73,673.06 अंक पर खुला और 379.93 अंक या 0.51 प्रतिशत गिरकर 73,847.15 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 178.85 अंक गिरकर 22,357 अंक पर खुला और 182.6 अंक या 0.81 प्रतिशत गिरकर 22,353.25 अंक पर बंद हुआ। अमेरिका की ओर से 9 जुलाई तक 90 दिनों के लिए भारत पर पर लगने वाले जवाबी टैरिफ को टालने की घोषणा के बाद शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में बेंचमार्क शेयर सूचकांक उछले। सुबह बीएसई सेंसेक्स 1,469.21 अंक बढ़कर 75,342.70 अंक पर खुला और 429.40 अंक बढ़कर 22,828.55 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 472.25 बढ़कर 22,871.40 के स्तर पर खुला 524.75 अंक या 2.34 प्रतिशत बढ़कर 22,923.90 अंक पर बंद हुआ।

## हीरो मोटोकॉर्प और होंडा टू-व्हीलर सेगमेंट में सबसे आगे

**नई दिल्ली।** मार्च 2025 की बिक्री के आंकड़ों से स्पष्ट हो गया है कि हीरो मोटोकॉर्प और होंडा टू-व्हीलर सेगमेंट में सबसे आगे हैं। इनके साथ टीवीएस, बजाज, सुजुकी और रॉयल एनफील्ड भी टॉप-6 में बनी हुई हैं। इस लिस्ट में किसी भी इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर कंपनी को जगह नहीं मिल सकी है। हीरो मोटोकॉर्प ने मार्च में 5,06,641 यूनिट्स की बिक्री कर टॉप पोजिशन बरकरार रखी। फरवरी में कंपनी ने 3,57,296 यूनिट्स बेची थीं, जिससे उसे 41.80 प्रतिशत की मंथली ग्रोथ मिली। वहीं, मार्च 2024 की तुलना में यह ग्रोथ 10.93 प्रतिशत रही। दूसरी ओर होंडा ने मार्च में 4,01,411 यूनिट्स की बिक्री की, जबकि फरवरी में यह आंकड़ा 3,83,918 था। कंपनी को 4.56 प्रतिशत की मंथली और 12.08 प्रतिशत की ईयरली ग्रोथ मिली। तीसरे नंबर पर टीवीएस रही, जिसने मार्च में 2,97,622 यूनिट्स बेचीं। फरवरी की तुलना में उसे 7.81प्रतिशत की ग्रोथ और पिछले साल की तुलना में 14.24 प्रतिशत की बढ़त हासिल हुई।

वहीं, रॉयल एनफील्ड ने 88,050 यूनिट्स बेचकर 8.98 प्रतिशत मंथली और 33.32प्रतिशत की ईयरली ग्रोथ हासिल की। ये आंकड़े दिखाते हैं कि पारंपरिक कंपनियां अब भी ग्राहकों की पहली पसंद बनी हुई हैं। बजाज ने 1,83,659 यूनिट्स बेचीं, जो फरवरी से 25.68 प्रतिशत ज्यादा रही, हालांकि ईयरली ग्रोथ महज 0.36प्रतिशत रही। सुजुकी ने 1,05,736 यूनिट्स की बिक्री के साथ शानदार 43.95 प्रतिशत की मंथली और 22.71प्रतिशत की ईयरली ग्रोथ दर्ज की।

## न्यूज इन शॉर्ट



### राष्ट्रीय पैथोलॉजी दिवस समारोह में पैथोलॉजी क्विज का आयोजन

रायपुर । पं. जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल मेडिकल कॉलेज, रायपुर के पैथोलॉजी विभाग द्वारा राष्ट्रीय पैथोलॉजी दिवस के उपलक्ष्य में पूर्व समारोह के रूप में एमबीबीएस छात्रों हेतु एक रोचक एवं ज्ञानवर्धक पैथोलॉजी क्विज का आयोजन किया गया। यह आयोजन छात्रों की शैक्षणिक क्षमता को विकसित करने, टीम भावना को प्रोत्साहन देने तथा पैथोलॉजी जैसे महत्वपूर्ण विषय के प्रति उत्साह उत्पन्न करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। रैपिड फायर प्रश्नोत्तरी के साथ कुल 06 राउण्ड्स में प्रश्न पूछे गये। इस प्रतियोगिता में 03-03 विद्यार्थियों की 06 टीमों ने भाग लिया। ये सभी एम.बी.बी.एस. द्वितीय वर्ष के विद्यार्थी हैं। कुछ प्रश्न दर्शक दीर्घा में उपस्थित चिकित्सा विद्यार्थियों से भी पूछे गये और सही उत्तर देने वालों को पुरस्कृत किया गया।इस आयोजन में विभागाध्यक्ष डॉ. अरविन्द नेरल की गरिमामयी उपस्थिति के साथ ही विशिष्ट अतिथियों के रूप में प्रोफेसर डॉ. राबिया परवीन सिद्दीकी, डॉ. चंद्रकला जोशी, डॉ. वर्षा पांडे, डॉ. विकास बोंबेश्वर, डॉ. रीति शर्मा, डॉ. रुचि वर्मा, डॉ. वनिता भास्कर, डॉ. अनुभव चंद्राकर, डॉ. कस्तुरी मंगरुलकर एवं डॉ. सरोज कुमारी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का संचालन क्विज मास्टर्स डॉ. सुदित पाल, डॉ. पुष्कर चौधरी, डॉ. मेधा वर्मा, डॉ. संध्या वर्मा एवं डॉ. सोनल चंद्राकर द्वारा अत्यंत रोचक एवं सुव्यवस्थित रूप से किया गया।

विभागाध्यक्ष डॉ. अरविन्द नेरल ने अपने उद्बोधन में कहा- ऐसे शैक्षणिक प्रतियोगिताओं के आयोजन से विद्यार्थियों में विषय के प्रति रूचि रूझान पनपते हैं जिससे उन विषयों को पढ़ना ज्यादा आसान और आनंददायक हो जाता है।

### प्रेस क्लब परिसर में गोविन्दलाल वोरा लाइब्रेरी का शुभारंभ आज

रायपुर। देश के वरिष्ठ पत्रकार और सम्पादक स्व. गोविन्दलाल वोरा की स्मृति में 13 अप्रैल रविवार को शाम 5 बजे प्रेस क्लब परिसर में गोविन्दलाल वोरा लाइब्रेरी का शुभारंभ किया जाएगा। ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित कवि-कथाकार विनोद कुमार शुक्ल की विशेष उपस्थिति में आयोजित समारोह में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह मुख्य अतिथि होंगे। अध्यक्षता नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत करेंगे, जबकि मध्यप्रदेश के वरिष्ठ पत्रकार उमेश त्रिवेदी विशिष्ठ अतिथि के रुप में उपस्थित रहेंगे। प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रफुल्ल ठाकुर और महासचिव डॉ. वैभव शिव पांडेय ने बताया कि स्व. गोविन्दलाल वोरा की स्मृतियों को चिरस्थायी बनाए रखने लाइब्रेरी का निर्माण कराया गया है। यह लाइब्रेरी युवा पीढ़ी को पढ ? लिखने के लिए प्रेरित करती रहेगी। प्रेस क्लब के संस्थापक सदस्य रहे, गोविन्दलाल वोरा जी का पूरा जीवन शिक्षा, समाज और पत्रकारिता को समर्पित रहा है। वे समाज के हर वर्ग और हर तबके के लोगों के लिए आदर्श रहे हैं। ऐसे में उनके नाम से बनी यह लाइब्रेरी आज के युवा पत्रकारों को एक आदर्श पत्रकार बनने की प्रेरणा देती रहेगी।

### छग को मिले 5 नये आईपीएस अफसर

रायपुर। संघ लोक सेवा आयोग ने 2023 में चयनित आईपीएस अफसरों को कैडर आवंटित कर दिया है जिनमें छत्तीसगढ़ राज्य को 5 नए अधिकारी मिले। उनमें से दो पूर्वा अग्रवाल और अनुषा पिल्लै को गृह राज्य छत्तीसगढ़ मिला है तथा तीन अधिकारी तीनयश कांवत, आदित्य कुमार और बनसोड़े प्रतीक दादासाहेब अन्य राज्यों से हैं, जिन्हें छत्तीसगढ़ कैडर आवंटित किया गया है।पूर्वा अग्रवाल जिन्होंने ऑल इंडिया रैंक 189 हासिल की और अनुषा पिल्लै जिन्होंने 202वीं रैंक प्राप्त की उन्हें भी छत्तीसगढ़ कैडर आवंटित हुआ है।

श्री हनुमान जन्मोत्सवः सुबह से शाम तक चला हनुमान चालीसा पाठ, सुंदरकांड और भंडारे का क्रम

# पवनसुत की आराधना में 1.25 लाख बातियों से महाआरती, लड्डुओं का भोग

### राजधानी रायपुर सहित प्रदेश भर में हुए विविध धार्मिक आयोजन, निकली शोभा यात्रा, हुई आतिशबाजी

**विजय मत,रायपुर।**

श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर शनिवार को राजधानी रायपुर सहित प्रदेश भर में विविध धार्मिक आयोजन हुए। किसी मंदिर में श्री हनुमान जी को 51 किलो लड्डुओं का भोग लगाया गया तो कई जगहों पर शोभा यात्रा निकाली गई। इस तरह पवनसुत की पूजा- आराधना का क्रम सुबह से शाम तक चला। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर जगह-जगह भोग- भंडारा हुआ, जिसमें लाखों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।इस पावन बेला में रायपुर के सालासर बालाजी मंदिर में फलों से मंदिर को सजाया गया है। यहां 51 किलो लड्डुओं का भोग लगाया गया। इसके अलावा हनुमान चालीसा पाठ, सुंदरकांड और भंडारे का आयोजन किया गया। वहीं शाम को शोभायात्रा, महाआरती हुई और आतिशबाजी भी की गई।







इसी तरह रायपुर के 5 प्रमुख मंदिरों में आयोजन हुए। पंडरी के मंडी गेट स्थित मनोकामना सिद्ध हनुमान मंदिर में 1.25 लाख बातियों से महाआरती की गई। वहीं डोंगरगढ़ में बाइक रैली और पेंड्रा में शोभा यात्रा निकाली गई।

### रायपुर... इन मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु

राजीव गांधी चौक स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर में हवन पूजन, भंडारा, चालीसा पाठ व महाआरती हुई।स्टेशन रोड स्थित संकट मोचन मंदिर में सुबह अभिषेक, दोपहर में महाआरती हुई। शाम को लेजर-शो और आतिशबाजी हुई।गोलबाजार स्थित हनुमान मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना, शाम को पालकी में हनुमान जी की शोभायात्रा निकाली गई।महामृत्युंजय वीर हनुमान मंदिर बूढ़ापारा में दिनभर भंडारा हुआ। शाम को महाआरती हुई।

सालासर बालाजी मंदिर में सुंदर कांड का पाठ, और भजन संध्या हुई।रावाभांठा के वार्ड नंबर 14 में तालाब पार प्राचीन हनुमान मंदिर में भंडारा हुआ। रायपुर के ऐतिहासिक गुढ़ियारी पड़ाव के स्वयंभू हनुमान मंदिर में शाम को बाजे-गाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई।

### भिलाई... एक लाख से अधिक लोगों ने भोग प्रसाद लिया

भिलाई सेक्टर 9 स्थित हनुमान मंदिर के सामने भाजपा और कांग्रेस नेताओं ने बड़े पैमाने पर विशाल भंडारे का आयोजन किया। इस दौरान सेक्टर 9 चौक को घेर कर बंद कर दिया गया, जिससे किसी प्रकार की अनहोनी न होने पाए। भंडारे में 1 लाख से अधिक लोगों ने प्रसाद लिया।

### डोंगरगढ़... गूंजा- जय हनुमान ज्ञान गुन सागर

डोंगरगढ़ में हनुमान जयंती पर तीन दिवसीय महोत्सव का आयोजन किया गया। पहले दिन गुरुवार को बाइक रैली निकाली गई। दूसरे दिन शुक्रवार को शोभायात्रा निकली और तीसरे दिन यानी आज महावीर मन्दिर में आरती पूजन के साथ हनुमान जी का जन्मोत्सव मनाया गया।पूरे शहर को भगवा ध्वज से सजाया गया।

### पेंड्रा... शोभायात्रा में उमड़े श्रद्धालु

पेंड्रा में हनुमान जयंती पर दर्जनभर जगहों पर आयोजन किए गए। यहां भयहरण हनुमान मंदिर और पुराने गौरेला से भव्य शोभायात्रा निकली, जिसने पूरा नगर भ्रमण किया।इसके अलावा पंचम कॉलोनी, दुबटिया, आजाद चौक, पटियाला हाउस, दुर्गा चौक, सुल्तानिया निवास, पावर हाउस, कोटमी, मरवाही सहित कई जगहों पर भंडारे का आयोजन किया गया।

17 जिला स्तरीय आयोगों में जल्द शुरू होगी ई-सुनवाई की सुविधा- न्यायमूर्ति चौरडिया

# न्याय दिलाने में उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के कार्य सराहनीय : साव

**विजय मत,रायपुर।**

उप मुख्यमंत्री तथा विधि एवं विधाई कार्य मंत्री अरुण साव आज छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग द्वारा आयोजित उपभोक्ता जागरूकता सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने राजधानी रायपुर के नवीन विश्राम भवन में आयोजित सम्मेलन में आयोग के द्विवार्षिक प्रतिवेदन के मुद्रित एवं ई-संस्करण का विमोचन भी किया। छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति श्री गौतम चौरड़िया ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की अपर मुख्य सचिव श्रीमती ऋचा शर्मा और सचिव श्री अन्बलगन पी. विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मेलन में शामिल हुए।उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने उपभोक्ता जागरूकता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि उपभोक्ताओं को न्याय दिलाने, धोखाधड़ी व ठगी से बचाने तथा जागरूक करने में राज्य एवं जिला स्तरीय उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग सराहनीय कार्य कर रहा है। उपभोक्ताओं को ई-जागृति पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन सुविधाएं भी मिल रही हैं। उनकी सहूलियत के लिए आयोग ऑनलाइन सुनवाई प्रारंभ करने की भी तैयारी कर रही है। उन्होंने सम्मेलन में मौजूद विधि के छात्र-छात्राओं से अपील की कि वे उपभोक्ताओं को जागरूक करने और उन्हें उनके अधिकारों से अवगत कराने का काम करें। साव ने आयोग के कार्यों को मजबूती प्रदान करने और विस्तारित करने राज्य शासन से हर तरह का सहयोग प्रदान करने की बात कही। उन्होंने उपभोक्ता अधिकारों के प्रति नागरिकों को जागरूक करने व्यापक प्रचार-प्रसार कार्यक्रम संचालित करने की घोषणा की।छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति गौतम चौरड़िया ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य शासन की ओर से आयोग को भरपूर सहयोग मिल रहा है। हमारे सभी प्रस्तावों को सरकार ने स्वीकृत किया है। वर्तमान में राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में ई-सुनवाई की व्यवस्था है।





आगामी तीन महीनों में हम इस व्यवस्था को प्रदेश के सभी 17 जिला स्तरीय आयोगों में लागू करने जा रहे हैं। उपभोक्ताओं को शीघ्र न्याय मिले, इसके लिए राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के साथ ही सभी जिला स्तरीय आयोग सक्रियता से काम कर रहे हैं।न्यायमूर्ति चौरड़िया ने कहा कि पिछले दो वर्षों में लोगों को न्याय दिलाने आयोग ने मामलों की तेजी से सुनवाई की है। दो वर्ष पहले पूरे प्रदेश में दस हजार 600 मामले लंबित थे, जो अब घटकर 6500 रह गए हैं। अगले छह महीनों में सभी लंबित प्रकरणों के निराकरण का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि आयोग आदिवासी और ग्रामीण क्षेत्रों में भी उपभोक्ता हितों के संरक्षण के लिए केस फाइलिंग, सुनवाई और दस्तावेजीकरण के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार शुरू करने जा रहा है। उन्होंने रायपुर में ज्यादा प्रकरणों को देखते हुए आयोग की एक अतिरिक्त बेंच प्रारंभ करने की भी जानकारी दी।उपभोक्ता जागरूकता सम्मेलन को संबोधित करते हुए खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की अपर मुख्य सचिव श्रीमती ऋचा शर्मा ने कहा कि राज्य व जिला स्तरीय उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के संचालन के लिए समुचित व्यवस्थाएं प्रदान करना राज्य शासन का दायित्व है।

### शंकर नगर में हर्षोल्लास से हनुमान जयंती मनाई गई

रायपुर। अत्यंत हर्ष का विषय है कि पूर्व वर्षों के भाति इस वर्ष भी श्री हनुमान जी का जन्मोत्सव का पावन कार्यक्रम 12 अप्रैल शनिवार को पूरे हर्षोल्लास के साथ श्री शिवशक्ति हनुमान मंदिर सेक्टर 2 शंकर नगर में आयोजित किया गया कालोनी अवम आसपास के एरिया से हजारों की तादाद मे भक्तगणो ने इस कार्यक्रम में सपरिवार इष्टमित्रो सहित पधारकर कार्यक्रम में हनुमान जी की पूजा अर्चना कर महा भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया श्री हनुमान जी का जन्मोत्सव शनिवार प्रातः 6 बजे से श्री हनुमान जी का जन्म (श्रृंगार और आरती) हुआ प्रातः 9 बजे से सुंदरकाण्ड का पाठ दोपहर 1 बजे से हवन के पश्चात श्री हनुमान जी को महाप्रसाद का भोग लगाकर ,दोपहर 1 बजे से 5 बजे तक श्री महाप्रसाद, भंडारा का वितरण किया गया ।

# निगम जोन 1 के अध्यक्ष गज्जू साहू ने पदभार संभाला

**विजय मत,रायपुर।**

आज हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व अवसर पर रायपुर नगर पालिक निगम रायपुर के जोन 1 जोन अध्यक्ष गज्जू साहू ने जोन 1 के खमतराई पानी टंकी परिसर कार्यालय में पहुंचकर पूजा- अर्चना कर जोन अध्यक्ष का पदभार सम्हाल लिया.पदभार ग्रहण करने पर जोन 1 जोन अध्यक्ष गज्जू साहू को रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने जोन 1 कार्यालय के अध्यक्षीय कक्ष में पहुंचकर बुके प्रदत्त कर हार्दिक शुभकामनायें दीं. नगर निगम जोन 1 में जोन अध्यक्ष का पदभार सम्हालने पर गज्जू साहू को नगर निगम सभापति सूर्यकान्त राठौड़, रायपुर विकास प्राधिकरण के नवनियुक्त अध्यक्ष नन्द कुमार साहू, निगम एमआईसी सदस्य संतोष सीमा साहू, नन्दकिशोर साहू, पार्षदगणों, पूर्व पार्षद गोदावरी गज्जू साहू, गोपी साहू, पूर्व एल्डरमैन योगेश शेंडे, सामाजिक कार्यकर्त्ता बजरंग खंडेलवाल, जोन कमिश्नर हितेन्द्र यादव, विशिष्टजनों, गणमान्यजनों, सामाजिक कार्यकत्ताओं, जोन 1 के अधिकारियों और कर्मचारियों, आमजनों ने बुके प्रदत्त कर और फूल मालाओं से लादकर हार्दिक बधाई और शुभकामनायें दीं.



# जनजातीय कल्याण की योजनाओं के लक्ष्य को तेजी से पूरा करें: सोनमणि बोरा

**विजय मत,रायपुर।**

आदिम जाति विभाग के प्रमुख सचिव श्री सोनमणि बोरा ने कहा कि राज्य में जनजातीय कल्याण की योजनाओं को तेजी के साथ पूरा करें। उन्होंने कहा कि बारिश के पहले सभी निर्माण कार्यों को पूर्ण कर लिया जाए। श्री बोरा ने कहा कि आगामी मानसून सीजन में राज्य में संचालित 3357 आश्रम छात्रावासों, 15 प्रयास विद्यालयों एवं 75 एकलव्य विद्यलायों में 10 लाख पौधे लगाये जाएंगे। इसकी भी कार्य योजना पहले से तैयार कर ली जाए। प्रमुख सचिव श्री बोरा नवा रायपुर स्थित आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित विभागीय बैठक सम्बोधित कर रहे थे। बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से विभिन्न जिले के सहायक आयुक्त सहित संबंधित अधिकारी जुड़े थे। बोरा जनजातीय जीवनशैली पर आधारित निमार्णाधीन संग्रहालय का निरीक्षण भी किया। बैठक में प्रमुख सचिव बोरा ने कहा कि आदिवासी विकास विभाग के विभिन्न योजनाओं के साथ-साथ पीएम जनमन योजना, धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष योजना, छात्रवृत्ति योजना, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों की निर्धारित लक्ष्यों को योजनाबद्ध तरीके से समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि पीएम जनमन योजना के तहत अति पिछड़े जनजातीय वर्ग के लोगों तथा उस गांव को शत-प्रतिशत व्यवस्थित ढंग से विकसित किया जाए। श्री बोरा ने योजना के तहत पक्का आवास, एप्रोच रोड, आंगनबाड़ी निर्माण, मोबाइल मेडिकल यूनिट, मल्टीपरपज सेंटर, विद्युत कनेक्शन, वनधन विकास केन्द्र सहित संचालित सभी गतिविधियों की विस्तार से जानकारी ली ।

जनजातीय कल्याण की योजनाओं के लक्ष्य को तेजी से पूरा करें




# दंतेवाड़ा-बीजापुर बॉर्डर पर मुठभेड़ में 3 नक्सली ढेर, शव और हथियार बरामद

## साल 2025 में अब तक मारे गए 146 नक्सली

**विजय मत ,ब्यूरो दंतेवाड़ा/बीजापुर।**

बस्तर इलाके में नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षाबलों का ऑपरेशन लगातार जारी है। इसी कड़ी में दंतेवाड़ा-बीजापुर बॉर्डर के भैरमगढ़ इलाके में पुलिस और नक्सलियों के बीच शनिवार को मुठभेड़ हो गई। इस एनकाउंटर में जवानों ने 3 नक्सलियों को मार गिराया है। तीनों के शव के साथ हथियार भी बरामद किया गया है। दंतेवाड़ा एसपी गौरव राय ने मुठभेड़ की पुष्टि की है।एसपी ने बताया कि बीजापुर के इंद्रावती क्षेत्र के जंगलों में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी, जिसके बाद करीब 400 जवानों को ऑपरेशन के लिए रवाना किया गया था। जवानों ने 2025 में अब तक 146 नक्सलियों को मार गिराया है।

एसपी गौरव राय के मुताबिक, दोनों जिलों का यह जॉइंट ऑपरेशन है। एनकाउंटर में माओवादियों को भारी नुकसान होने की संभावना है। मारे गए 2 नक्सलियों में से एक के 6 जनवरी को हुए बीजापुर जिले के अंबेली ब्लास्ट की घटना में शामिल होने की बात सामने आ रही है। उस घटना में नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट कर जवानों से भरे वाहन को उड़ाया था। ब्लास्ट में 8 जवान और एक वाहन चालक शहीद हो गए थे।

### 12 दिन पहले मारी गई 45 लाख की इनामी रेणुकाः

दंतेवाड़ा और बीजापुर बॉर्डर पर सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में 45 लाख की इनामी महिला नक्सली लीडर रेणुका उर्फ बानू को ढेर किया था। रेणुका डीकेएसजेडसी- दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी मेंबर थी। शव के साथ एक इंसास राइफल, गोला बारूद और लैपटॉप बरामद किया गया था।

**विजय मत एंकर** छत्तीसगढ़ सरकार का ऐलानः एलएमजी के बदले मिलेंगे 5 लाख और एके-47 पर 4 लाख रुपए

# हथियार के साथ आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को मिलेंगे लाखों रुपए

- बड़े हथियार डंप या विस्फोटक सामग्री की जानकारी देने पर एक लाख का ईनाम

**विजय मत, रायपुर**

छत्तीसगढ़ सरकार ने अपनी नई नक्सलवादी आत्मसमर्पण नीति के तहत हिंसा का रास्ता छोड़कर आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को सुरक्षा के साथ-साथ उन्हें लाखों रूपए की प्रोत्साहन राशि भी देगी। आत्मसमर्पण करने वालों को शिक्षा, कौशल प्रशिक्षण और रोजगार व्यवसाय से जोड़ा जाएगा। इस नई नीति के जरिए छत्तीसगढ़ सरकार नक्सलवादियों को समाज की मुख्य धारा में लाकर उन्हें सम्मानजनक जिंदगी जीने का अवसर सुलभ करा रही है। नई नीति में आत्मसमर्पित नक्सलियों एवं उनके परिवार के प्रति उदार और संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाते हुए छत्तीसगढ़ सरकार ने ऐसे प्रावधान किए है, जिससे उनके जीवन को सुरक्षित और भविष्य बेहतर बनाया जा सके। छत्तीसगढ़ नक्सलवादी आत्मसमर्पण/पीड़ित राहत-पुनर्वास नीति 2025 को लागू करना वास्तव में छत्तीसगढ़ सरकार की राज्य में शांति बहाली, विकास और सामाजिक समरसता की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का कहना है कि जो हथियार छोड़ेंगे, उन्हें भय नहीं, बल्कि सम्मान मिलेगा। वर्षों से जंगल-जंगल भटक रहे युवा, जो किसी भ्रम या दबाववश नक्सली संगठन में शामिल हो गए हैं, उनके लिए यह नीति एक नया जीवन शुरू करने का द्वार है। आत्मसमर्पण कर वे न केवल खुद का, बल्कि अपने परिवार और समाज का भविष्य भी सुरक्षित कर सकते हैं। नई नीति में हथियारों के साथ आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को सरकार ने लाखों रूपए की मुआवजा राशि देने का प्रावधान किया है। एलएमजी के साथ आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली को 5 लाख रुपये मुआवजा के तौर मिलेगा।



### दंतेवाड़ाः दो इनामी समेत आठ नक्सलियों का आत्मसमर्पण

विजय मत, ब्यूरो दंतेवाड़ा। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में दो इनामी नक्सलियों सहित कुल आठ नक्सलियों ने शनिवार को पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। सभी नक्सलियों ने दंतेवाड़ा पुलिस अधीक्षक (एसपी) गौरव रॉय के समक्ष आत्मसमर्पण किया। पुलिस के अनुसार आत्मसमर्पण करने वाले दो नक्सलियों पर 50-50 हज़ार रुपये का इनाम घोषित था। आत्मसमर्पण करने वाले ये सभी माओवादी अलग-अलग क्षेत्रों में नक्सली गतिविधियों में सक्रिय थे और कई मामलों में पुलिस को इनकी लंबे समय से तलाश थी। एसपी रॉय ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे पुनर्वास नीति और आत्मसमर्पण योजनाओं के चलते लगातार नक्सली हिंसा से तंग आकर युवा आत्मसमर्पण कर रहे हैं।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक सीता शुक्ला द्वारा आशमां पब्लिशर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, जय स्तम्भ चौक, रायपुर (छग) से मुद्रित एवं डी-17, सेक्टर-1 गोंदवारा रोड, एकता नगर, गुढियारी, रायपुर (छग) से प्रकाशित। संपादक- सीता शुक्ला। प्रधान संपादक- विजय शुक्ला*।
आर.एन.आई. पंजीयन नं. CHHHIN/2017/75508 (*समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार)। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र रायपुर (छग) होगा। मो.-8889977997